# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 6 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 81 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

2007: मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त किया गया।
2007: हंगरी के वैज्ञानिकों ने लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।
2011: थाईलैंड में प्यूइआ थाई दल की यिंगलुक शिनवात्रा शुरिवार देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
2012: नासा का क्यूरिओसिटी रोवर मंगल ग्रह पर पहुंचा।

# दिशोम गुरु को नम आंखों से अंतिम विदाई, उमड़ा जन सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**नेमरा (रामगढ़)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव नेमरा में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए श्मशान घाट पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। नम आंखों से लोगों ने दिशोम गुरु को अंतिम जोहार कहा। अंतिम यात्रा में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव आदि शामिल हुए। अंतिम विदाई में लोगों का जनसैलाब उमड़ा। नम आंखों से लोगों ने गुरुजी को विदाई दी। इससे पूर्व मंगलवार अपराह्न करीब 2.30 बजे दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचा। वाहन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बेटे बसंत सोरेन अपने पिता के सिरहाने बैठ थे। पैतृक घर पहुंचने के बाद संथाली रीति रिवाज से अंतिम विदाई की तैयारी की गई। सोरेन परिवार के पूर्वजों का अंतिम संस्कार जिस घाट पर होता है, वहीं दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी मुखाग्नि दी गई। मुखाग्नि के दौरान भारी बारिश के बीच हजारों नम आंखों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। शिबू सोरेन अमर रहे का नारा पूरे इलाके में गुंजायमान होता रहा। दिशोम गुरु की अंतिम यात्रा उनके घर से अपराह्न करीब 3.40 बजे निकली। करीब 4.15 बजे उन्हें मुखाग्नि दी गई। गुरुजी की अंतिम यात्रा में कई नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, राज्य की चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव अविनाश कुमार के अलावा कई जिलों के एसपी, डीसी सहित अन्य अधिकारी और वीआईपी मौजूद थे। शिबू सोरेन के प्रति लोगों का जुनून, दीवानगी या सम्मान ही कह लें, नेमरा गांव में लोग बारिश को मात देकर उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे। लोगों को छाता लिए उनके अंतिम क्रिया के लिए बेचैन होते देखा गया। कुदरत भी शायद झारखंड की इस महान शख्सियत पर आज भावुक हो गई। शिबू सोरेन से झारखंड की जनता कितना प्रेम करती थी इसकी बानगी उनकी अंतिम यात्रा में दिख रही थी। लोगों का सड़क किनारे विशाल हुजूम अपने गुरुजी की एक झलक पाने को आतुर दिखा। पूरे रास्ते में झारखंड के कोने-कोने से आए लोग 'गुरुजी अमर रहें' के नारे लगाते दिखे। रांची के ओरमांझी में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री चौक दड़दाग ओरमांझी मैं जन सैलाब उमर पड़ा। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के नेतृत्व में झामुमो, कांग्रेस, भाजपा, झारखंड विकास जंतत्रिक मोर्चा, आजसू सहित अन्य राजनीतिक पार्टी के नेता सामाजिक कार्यकर्ता और आम जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शिबू सोरेन के करीबियों में गिने जाने वाले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके साथ ही पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, आप सांसद संजय सिंह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर को लेकर मोरहाबादी स्थित अपने आवास से झारखंड विधानसभा के लिए रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ झारखंड विधानसभा परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। यहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, केंद्र एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकगण तथा विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी की पेशी आज

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 6 अगस्त को चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना होगा। झारखंड हाईकोर्ट ने यह निर्देश उस मामले में दिया है जिसमें राहुल गांधी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

### दुर्घटना में पुलिस के जवान की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखड़ी में एनएच 20 पर एक सड़क दुर्घटना में कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पदमा (हजारीबाग) निवासी 45 वर्षीय जयकिशोर राम के रूप में हुई है। जयकिशोर झारखंड पुलिस के जवान थे और वर्तमान में पदमा पुलिस लाइन में कार्यरत थे।

### दीवार गिरने से महिला की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भरनो में पुराना अस्पताल के पीछे रहने वाले बिमल बड़ा के मिट्टी के घर की दीवार गिर गई। इस हादसे में पलंग पर सो रही उनकी पत्नी अश्रिता बड़ा की मौत हो गई। वहीं उनकी बेटी बबली बड़ा घायल हो गई है। बिमल बड़ा मॉर्निंग वॉक पर गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो देखा कि उनकी पत्नी और बेटी मिट्टी में दबे पड़े हैं। उन्होंने तुरंत मिट्टी हटाने की कोशिश की लेकिन तब तक अश्रिता बड़ा की मौत हो चुकी थी।

### छात्र ने लगाई फांसी

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो वार्ड संख्या-19 में 16 वर्षीय छात्र जीतेन्द्र वर्मा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक के पिता कुंदन वर्मा प्लम्बर का काम करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद तिलैया थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### युवक को मारी गोली, गंभीर

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** परसुडीह थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम अपराधियों ने रवि यादव नामक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शाम करीब 6 बजे की है, जब रवि यादव किसी काम से इलाके में निकला था। पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। डॉक्टरों के अनुसार, रवि की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे आईसीयू में रखा गया है।

# नाले में डूबने से मां-बेटी व नतिनी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत घोड़बंधा नाला में डूबने से मां, बेटी और नतिनी की मौत हो गई है। बताया जाता है कि तीनों रविवार की सुबह मशरूम चुनने के लिए जंगल में गई थीं। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सोमवार को ही परिजनों ने पूरे इलाके में खोजबीन की लेकिन तीनों को बरामद नहीं किया जा सका था। मंगलवार को मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गौराहा डैम से तीनों का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों के अनुसार तीनों मशरूम चुनने के लिए गए थे लेकिन बीच रास्ता में एक नाले को पार करना होता है। इस नाले में तीनों बह गए और गौराहा डैम में डूब गए। मृतकों की पहचान मोहम्मदगंज के बटउआ गांव के शांति कुंवर 52 वर्ष, रोहतास जिले के काराकट थाना अंतर्गत भरत कासवा गांव की अंजलि कुमारी और काजल कुमारी के रूप में हुई है। हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि डूबने से तीनों की मौत हुई है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को गौराहा डैम से बाहर निकाला गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया और परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि ऐसी आशंका है कि जंगली मशरूम चुनने जाने के दौरान या चुनकर वापस लौटने के दौरान तीनों नाले की तेज धारा में बह गए होंगे। तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में छानबीन की जा रही है।

# दुष्कर्म की कोशिश से परेशान नाबालिग ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र से दुखद घटना सामने आई है। यहां एक 16 वर्षीय नाबालिग ने दुष्कर्म की कोशिश से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार 2 अगस्त को आरोपी राहुल ठाकुर नाबालिग के घर में जबरदस्ती घुस गया। वहां उसने लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। हंगामा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी मौके से भाग निकला। अगले दिन सुबह राहुल अपने माता-पिता के साथ फिर पहुंचा और नाबालिग को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा। परिजनों के विरोध और भीड़ जमा होने पर आरोपी और उसके परिजन वहां से भाग गए। इस घटना से व्यथित होकर 4 अगस्त की रात नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने आरोपी राहुल ठाकुर और उसके माता-पिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी और उसके परिजन फरार हैं। हुसैनाबाद के एसडीपीओ मोहम्मद याकूब ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

# पति ने पत्नी की गर्दन मरोड़कर की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना अंतर्गत बागी गांव के पाचोपड़वा टोला में सोमवार रात हत्या की घटना सामने आई है। शराब के नशे में धुत पति और पत्नी के बीच विवाद हुआ और पति ने पत्नी की जमकर पिटाई की और गर्दन मरोड़कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान 40 वर्षीय सुनीता देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पति विपन भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुनीता देवी ने सोमवार दोपहर शराब पी ली थी। शराब पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। गांव के दुकानदार ने महिला की ननद को बुलाकर उसे घर भेज दिया। दुकानदार नंदकिशोर के अनुसार सुनीता शराब की बोतल लेकर उनकी दुकान पर ग्लास खरीदने आई थी। शराब पीने के बाद उसे चक्कर आने लगे थे। घर पहुंचने के बाद रात में सुनीता और उसके नशे में धुत पति के बीच विवाद हुआ। पति ने लाठी से उसकी पिटाई की और बाद में गर्दन मरोड़ दी, जिससे महिला की मौत हो गई। महिला के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। चोटों पर हल्दी का लेप भी लगाया गया था। थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और महिला के शव की जांच की। आरोपी की बहन बिगनी देवी ने बयान में पिटाई और गर्दन मरोड़ने की पुष्टि की है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पाचोपड़वा टोला पहुंचे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्र समेत दो लोगों का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो वार्ड संख्या 17 में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव करीब एक सप्ताह पुराना है और पूरी तरह से सड़ी-गली अवस्था में मिला है। गुमो के वार्ड संख्या 20 में झखर महतो के मकान के पिछले हिस्से से काफी बदबू आ रही थी। स्थानीय लोग इसके कारण की तलाश कर रहे थे। मंगलवार को बगल के घर की छत पर खेल रहे एक बच्चे ने झखर महतो के घर के पीछे एक संकीर्ण गली में फंसे अधेड़ व्यक्ति को देखा। उसका चेहरा पूरी तरह से गला हुआ था। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना झखर महतो के भतीजे को फोन पर दी। सूचना मिलते ही भतीजा घर पहुंचा और छत पर जाकर देखा तो पाया कि एक अधेड़ व्यक्ति संकीर्ण जगह में फंसा हुआ है। उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार अपने दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। शव की स्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि यह घटना एक सप्ताह पहले घटित हुई होगी। प्रारंभिक जांच में ऐसा माना जा रहा है कि यह व्यक्ति मकान के पिछले हिस्से से प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था और पांव फिसलने से वहां फंस गया। मकान की छत पर बनी ईंट की रेलिंग का एक छोटा टुकड़ा भी टूटा हुआ मिला है। इससे संकेत मिलता है कि वह व्यक्ति छत पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था और अनियंत्रित होकर गली में फंस गया। पुलिस अभी सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वहीं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भलसुमीया जंगल में मंगलवार को एक 12 वर्षीय छात्र का शव पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिहार के जमुई जिले के चकाई निवासी प्रेम प्रमोद मुर्मू के रूप में हुई है। प्रेम कार्मेल हिंदी विद्यालय, गिरिडीह में आठवीं कक्षा का छात्र था। एक रिश्तेदार के साथ किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार शाम वह घर से सामान लेने निकला था, लेकिन लौटकर नहीं आया। घटना की सूचना पर स्थानीय निवासी सुशील शर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। बाद में मृतक के भाई ने प्रेम की पहचान की। शव मिलने के स्थान से लगभग 200 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे उसकी साइकिल भी मिली, जिससे मामला और रहस्यमय हो गया है। आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष प्रदीप सोरेन ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि प्रेम का किसी से कोई विवाद नहीं था, जिससे वह आत्महत्या जैसा कदम उठाए। घटना की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हर पहलू से जांच की जा रही है। यह आत्महत्या है या सुनियोजित हत्या इसका खुलासा जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### उसरी नदी में डूबने से युवक की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आदर्श नगर घाट स्थित उसरी नदी से एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान भलसुमिया निवासी 40 वर्षीय नुनूलाल हेंब्रम के रूप में हुई है।

# गांजा तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** ऑपरेशन नारकोस के तहत धनबाद स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। सोमवार की रात्रि में की गई इस कार्रवाई के दौरान धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-03 पर राजधानी एक्सप्रेस (12301 अप हावड़ा-नई दिल्ली) के एसी कोच ए वन और ए टू से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कुल 42 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 6।30 लाख रुपए बतायी जा रही है। इस दौरान टीम ने बिहार के नालंदा जिले के आस्थमा थाना क्षेत्र के कोनंद निवासी सौरभ कुमार, अखिलेश मोहन और सिवान के बरौली थाना क्षेत्र के गोपालगंज निवासी रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। रंजीत हरियाणा के पानीपत में भी रहता है। गिरफ्तार आरोपियों से जब आरपीएफ और जीआरपी ने पूछताछ की तो उन लोगों ने बताया कि उन्हें यह गांजा ओडिशा के अंगुल जिले के संजय नामक व्यक्ति से मिला था। इसे प्रयागराज में रामकुमार नामक व्यक्ति को सौंपना था। इसके बदले उन्हें पैसा मिलने वाला था, लेकिन इससे पहले ही वे रेलवे सुरक्षा बल के हत्थे चढ़ गए। टीम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि राजधानी एक्सप्रेस में तीन तस्कर गांजा लेकर जा रहे हैं। उसके बाद टीम बनाकर राजधानी एक्सप्रेस के दो बोगी में प्रवेश किया। इसके बाद तीन ट्रॉली बैग में रखा गया 42 पैकेट (प्रत्येक पैकेट 1 किलोग्राम वजन) गांजा, तीन मोबाइल, आधार कार्ड, कैश और राजधानी एक्सप्रेस की यात्रा की टिकटें बरामद की गयी हैं। आरपीएफ ने बताया कि हाल के दिनों में लगातार कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करों को पकड़ा गया है। 21 जून को 28 किलोग्राम, 16 जुलाई को 20 किलोग्राम, 18 जुलाई को 12।1 किलोग्राम और 10।2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। आरपीएफ, जीआरपी एवं सीआईबी की संयुक्त टीम में आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश, सीआइबी इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राम, एसआइ मनीषा कुमारी, पालिक मिंज, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, सत्येंद्र कुमार प्रसाद, राम प्रसाद, अनिल कुमार, मुकेश किशोर, सुशील कुमार, शशिकांत तिवारी, तनवीर खान सहित अन्य मौजूद थे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# टन-टन-टन...चलो स्कूल तुमको पुकारे, बिहार में छात्रों को लाउडस्पीकर से बुलाएंगे

## गांव वाले भी करेंगे शिक्षकों की शिकायत



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी स्कूलों से गायब रहने वाले शिक्षकों की अब खैर नहीं है। ऐसे शिक्षकों की निगरानी अब मुखिया, वार्ड सदस्य और गांव वाले भी करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सोमवार को इस संबंध में राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों, कार्यक्रम पदाधिकारियों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। निर्देश के अनुसार, यदि मुखिया, वार्ड सदस्य, ग्रामीण जनता और अन्य किसी को यह सूचना प्राप्त होती है कि कोई शिक्षक, प्रधान शिक्षक या प्रधानाध्यापक विद्यालय में हाजिरी लगाकर गायब रहते हैं, तो वे इसकी सूचना विभागीय कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 14417 और 18003454417 पर देंगे।

इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन सुनिश्चित हो सके। अपर मुख्य सचिव ने अपने निर्देश में कहा है कि प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति पर कड़ाई से नजर रखेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि शिक्षक समय पर विद्यालय आएं एवं समय से विद्यालय छोड़ें। सभी शिक्षक अपनी उपस्थिति विद्यालय परिसर के अंदर आकर दर्ज करेंगे, इसे सुनिश्चित किया जाय। ऐसे शिक्षकों की पहचान की जाए, जो विद्यालय परिसर के बाहर से उपस्थिति दर्ज करते हैं। ऐसी उपस्थिति अमान्य होगी।

**बच्चे बीच में स्कूल से निकलेंगे तो अभिभावक को जाएगा फोन :** अपर मुख्य सचिव ने हिदायत दी है कि सभी शिक्षक अपना अवकाश स्वीकृत कराने के बाद ही विद्यालय छोड़ेंगे। अगर कोई भी शिक्षक बिना अवकाश स्वीकृत कराए अवकाश पर चले जाते हैं, तो इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी जाए। प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक एक पंजी रखेंगे, जिसमें आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर यदि बच्चे विद्यालय कार्यावधि के पूर्व विद्यालय छोड़ कर कहीं आवश्यक कार्य से जाते हैं, तो उनके संदर्भ में पंजी में तिथि एवं समय अंकित किया जाएगा। आकस्मिक स्थिति में बच्चों के अभिभावक को दूरभाष पर सूचना दी जानी चाहिए कि उनके बच्चे विद्यालय समय पूर्व छोड़ कर घर या अन्य जगह आवश्यक कार्य से जा रहे हैं।

**स्कूलों में लाउडस्पीकर से बच्चे बुलाए जाएंगे :** टन-टन-टन...सुनो घंटी बजी स्कूल की, चलो स्कूल तुमको पुकारे...। शिक्षा का यह अधिकार गीत स्कूल शुरू होने (9.30 बजे) के 15 मिनट पहले दो बार बजेगा। लाउडस्पीकर पर इस गीत को बजाने की जिम्मेदारी सभी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक की होगी। रोज अभिभावकों को लाउडस्पीकर से स्कूल संचालन की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए 48 घंटे के अंदर स्कूलों में लाउडस्पीकर की व्यवस्था होगी। शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी विद्यालयों के परिसर और कार्यावधि में शैक्षणिक गतिविधियों की अनिवार्यता और अनुशासन बनाये रखने का निर्देश दिया है।

## नाबालिग स्टूडेंट ने शिक्षक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के चरका पत्थर थाना क्षेत्र में निजी स्कूल के शिक्षक पर नाबालिग स्टूडेंट से छेड़खानी का मामला सामने आया है। 14 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि बटिया थाना क्षेत्र के बाराबांक गांव निवासी सिकंदर यादव उर्फ प्रकाश पिछले 10 दिनों से उसके साथ छेड़खानी और अभद्र व्यवहार कर रहा था। छात्रा के अनुसार, आरोपी शिक्षक स्कूल में छेड़खानी करता था। इतना ही नहीं, वह घर पहुंचने के बाद भी फोन पर अश्लील बातें करता था। जब छात्रा ने इसका विरोध किया, तो शिक्षक ने उसके साथ मारपीट की और धमकी भी दी। परेशान होकर पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।

**मामले की छानबीन में जुटी पुलिस :** इसके बाद मंगलवार को पीड़िता के परिवार वाले चरका पत्थर थाने पहुंचे और आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। चरका पत्थर थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिग की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है और जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेला में बुडको का नाला जाम, बजबजा रहा औद्योगिक क्षेत्र

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बुडको का नाला जाम होने से बेला औद्योगिक क्षेत्र से बारिश का पानी नहीं निकल रहा है। इससे औद्योगिक क्षेत्र में गाड़ियां तो दूर, पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है। बेला फेज दो में कई जगहों पर सड़क पर गंदा पानी उफना रहा है। इससे राहगीर के अलावा फैक्ट्रियों के कामगार परेशान है। उन्हें चर्मरोग जैसी बीमारियों के होने की आशंका का भय सता रहा है। मालूम हो कि, बुडको के नाला में ही बेला औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले सभी नाले को जोड़ दिया गया है। वर्तमान में बुडको का नाला जाम होने पानी निकलने के बदले बैक मार रहा है। इससे सड़कों पर जलभराव की स्थिति है। इससे ई-रिक्शा, मालवाहक ऑटो आदि पानी में बने गड्ढ़े में अटक रहे है। बियाडा के डीजीएम नीरज कुमार ने बताया कि बुडको का नाला जाम होने से बेला से पानी नहीं निकल पा रहा है। इससे उद्यमी परेशान है। इसे लेकर संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। तत्काल कई जगहों से पानी निकाल चलने लायक सड़क बनाई गई है।

### सात को निकलेगा विराट भूमिहार ब्राह्मण जनाक्रोश यात्रा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सात अगस्त को विराट भूमिहार ब्राह्मण जनाक्रोश यात्रा निकाली जाएगी। शहर के विभिन चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों से होकर यह यात्रा जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचेगी। वहां जिलाधिकारी को 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा जायेगा। संयोजक डॉ. विजयेश कुमार ने सोमवार को शहर के माड़ीपुर स्थित एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भूमिहार ब्राह्मणों के अस्तित्व की रक्षा के लिए जनाक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। 16 प्रखंडों के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई थी। जो जिले के 385 पंचायतों के लगभग 900 गांवों का दौरा किया। लोगों से फीडबैक लिया। लोगों ने विराट भूमिहार ब्राह्मण जनआक्रोश यात्रा को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। ये हैं 10 सूत्री मांगें - भूमिहार ब्राह्मण जाति को जातीय सूची में शामिल किया जाए। - भूमिहार ब्राह्मण जाति की गणना करवाई जाए। - जमीन जायदाद से संबंधित खतियान के पूर्व में किये गये त्रुटीपूर्ण डिजिटलाइजेशन को रद्द किया जाए। - भूमिहार ब्राह्मण के जमीन के मालगुजारी की रसीद खतियान में वर्णित जाति भूमिहार ब्राह्मण के नाम पर ही दिया जाए। - डिजिटलाइजेशन एवं परिमार्जन के नाम पर लूट खसोट बंद किया जाए। - मुजफ्फरपुर में चल रहे जमीन के सर्वेक्षण कार्य में भूमिहार ब्राह्मण के जमीन का सर्वेक्षण खतियान में वर्णित जाति भूमिहार ब्राह्मण के नाम पर ही कराया जाए। - बेतहाशा बढ़ती महंगाई को काबू में लाया जाए। - अपराध और भ्रष्टाचार पर रोक लगाया जाए। - अन्न, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर टैक्स लेना बंद किया जाए। - विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा निर्गत किया जाने वाला प्रमाण पत्र, भूमिहार ब्राह्मण जाति के नाम पर निर्गत किया जाए।

### बिहार में शराब बरामदगी के लिए रेड डालने गई पुलिस टीम पर हमला, ASI का सिर फोड़ा

**गयाजी, एजेंसी।** बिहार में एक बार फिर पुलिस टीम पर हमला हुआ है। इस बार गयाजी में पुलिसवालों को निशाना बनाया गया है। गयाजी में शराब को लेकर छापेमारी करने गई पुलिस की टीम पर हमला हुआ है। इस हमले में एसआई का सिर फट गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस की टीम फतेहपुर में छापेमारी करने गई थी। लेकिन यहां अचानक कुछ बदमाशों ने पुलिस पर धावा बोल दिया और एसआई का सिर फोड़ दिया। घायल एएसआई का नाम मनोज कुमार बताया जा रहा है। मनोज कुमार के सिर में 12 टाके पड़े हैं।

## दो वोटर आईडी रखने पर जेल-जुर्माना मतदान का अधिकार भी छिनेगा!




**पटना, एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस दौरान एक ही मतदाता के दो वोटर आईडी (ईपिक) के मामले सामने आए हैं। जबकि दो आधार या दो पैन नंबर रखने की तरह ही, दो मतदाता पहचान पत्र (ईपिक) रखना भी गैरकानूनी है। दो वोटर आईडी रखने पर जुर्माना एवं जेल की सजा हो सकती है। साथ ही मतदाता को वोट देने के अधिकार से भी वंचित किया जा सकता है। बता दें कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को भी दो वोटर आईडी रखने के मामले में चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर की लगातार निगरानी की जा रही है और हर शिकायत या गलत सूचना पर फैक्ट चेक किया जा रहा है। राज्य में एसआईआर के तहत पहले चरण में गणना फॉर्म का वितरण एवं प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। दूसरे चरण में दावा एवं आपत्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### दो वोटर आईडी हैं, तो एक को तुरंत रद्द कराएं

आयोग के अनुसार, अगर किसी भी मतदाता का दो स्थानों पर मतदाता पहचान पत्र बना हुआ है, तो किसी एक पहचान पत्र को तत्काल रद्द करा लें।

इसके लिए संबंधित क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के पास जाकर फॉर्म-7 भरकर नाम हटाया जा सकता है। आयोग के अनुसार, फॉर्म-7 के तहत मृत्यु या स्थान परिवर्तन के कारण नाम हटाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर भी ऑनलाइन रद्द कराया जा सकता है। आयोग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप में चुनाव आयोग जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा- 17 एवं 18 के तहत अधिकतम एक साल की सजा का भी प्रावधान है। वोट देने का अधिकार भी खत्म किया जा सकता है।

## हम नोटिस का जवाब देंगे, लेकिन चुनाव आयोग हमारे सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहा?: तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को दो वोटर आईडी रखने के मामले में चुनाव आयोग ने हाल ही में नोटिस थमाया था। चुनाव आयोग के नोटिस के बाद अब तेजस्वी यादव ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि वो चुनाव आयोग से मिले नोटिस का जवाब देंगे लेकिन चुनाव आयोग उनके सवालों का जवाब कब देगा। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रांची के लिए रवाना हुए। वे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। पटना से रवाना होते समय पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी ने कहा 'हम नोटिस का जवाब देंगे, लेकिन चुनाव आयोग हमारे सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहा? हमने जो सवाल उठाए थे, अब वे सबके सामने आ गए हैं। वोटर लिस्ट के प्रारूप के बाद लगातार शिकायतें मिल रही हैं। हम सारी शिकायतें चुनाव आयोग को भेजेंगे और अपनी बात सुप्रीम कोर्ट में भी रखेंगे।'

### चुनाव आयोग ने भेजा था नोटिस

इससे पहले चुनाव आयोग ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को नोटिस भेज कर कथित तौर पर दो अलग-अलग मतदाता फ़ोटो पहचान कार्ड (एपिक) नंबर रखने के लिए स्पष्टीकरण मांगा था। चुनाव आयोग ने बीते रविवार को भेजे गए अपने नोटिस में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद एक अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची से अपना नाम बाहर होने के तेजस्वी यादव के दावे को खारिज किया था और इस संबंध में उनके बयान का हवाला देते हुए कहा है कि राजद नेता ने अपना एपिक नंबर आरएबी 2916120 बताया था। चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में कहा था कि सत्यापन के बाद दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने पाया कि एपिक नंबर आरएबी 2916120 आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। नोटिस में चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा कि तेजस्वी यादव के मतदाता पहचान पत्र का वास्तविक मतदाता पहचान पत्र क्रमांक आरएबी 0456228 है और इस मामले में राजद नेता से स्पष्टीकरण मांगा गया है। चुनाव आयोग ने राजद नेता से 2 अगस्त को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके द्वारा उल्लिखित मतदाता पहचान पत्र क्रमांक आरएबी 2916120 का विवरण, मूल मतदाता पहचान पत्र सहित, उपलब्ध कराने को कहा है ताकि विस्तृत जांच की जा सके।

### तेजस्वी यादव के खिलाफ थाने में भी केस दर्ज

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के पक्ष में ''दो मतदाता पहचान पत्र जारी करने'' की जांच की मांग करते हुए पटना के दीघा थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ''हमने शिकायत को जिला निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया है, जो ऐसे मामलों पर निर्णय लेने के लिए सक्षम अधिकारी है। यदि चुनाव अधिकारियों से ऐसा कोई निर्देश प्राप्त होता है तो प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है।''

## मॉडल अस्पताल: हर पांच मिनट पर बंद हुआ सर्वर, भटकते रहे मरीज

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मॉडल अस्पताल में सोमवार को फिर सर्वर ने दगा दिया। सर्वर के काम नहीं करने से मरीजों का रजिस्ट्रेशन और ओपीडी में मरीजों का इलाज रुक गया। सुबह आठ बजे से ही सर्वर हर पांच मिनट पर फंस रहा था। इससे एक मरीज के रजिस्ट्रेशन में एक-डेढ़ मिनट की जगह 10 मिनट तक लग रहे थे। बारिश होने के बाद भी सोमवार होने के कारण अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार थी। करीब आठ से नौ सौ मरीज पहुंचे थे। दोपहर 12 बजे तक लगातार मरीजों का रजिस्ट्रेशन सर्वर की वजह से फंसता रहा। रजिस्ट्रेशन और इलाज बाधित होने पर मरीजों ने कई बार हंगामा किया, जिसे सुरक्षा गार्ड ने शांत कराया। हालांकि, सर्वर की गड़बड़ी के कारण सुबह की ओपीडी में दिखाने आये कई मरीजों को शाम की ओपीडी के लिए इंतजार करना पड़ा। सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ बीएस झा ने कहा कि 15 अगस्त तक नया सर्वर अस्पताल में लग जाएगा। इसके आदेश दे दिए गए हैं। मॉडल अस्पताल में बीएसएनएल के दो सर्वर हैं, लेकिन दोनों ठीक से काम नहीं करते हैं। मॉडल अस्पताल शुरू होने के पहले दिन से ही सर्वर वहां ठीक से काम नहीं कर रहा है। कई बाद सुबह से दोपहर तक सर्वर के कारण मरीजों का इलाज प्रभावित हुआ है। पिछले दिनों सीएस ने सर्वर की समस्या हल करने के लिए वैकल्पिक वाईफाई लगाने निर्देश दिया था।

## किशनगंज में रेप का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

### आंगनवाड़ी केंद्र में घटना को दिया था अंजाम, फरार आरोपी की तलाश जारी



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के कोचाधामन थाना क्षेत्र में हुए रेप मामले में पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 3 अगस्त 2025 को पीड़िता ने महिला थाना किशनगंज में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि रात करीब 8 बजे अमृत कुमार (24) उसे उसके घर के पास स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बहला फुसलाकर ले गया और वहां उसके साथ रेप किया। इस मामले में महिला थाना में कांड संख्या 65/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 376/376एबी/ 341/323/406/506/34 और पोक्सो अधिनियम की धारा 4-6 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई।

### पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर महिला थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। तकनीकी अनुसंधान और आसूचना के आधार पर मुख्य आरोपी अमृत कुमार (27) को किशनगंज के रूईधासा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अमृत कुमार डउवाबाड़ी गांव का रहने वाला है और उसके पिता का नाम प्रेमलाल है। पुलिस इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी रखे हुए है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### आरोप पत्र समर्पित करने का निर्देश

पुलिस ने अनुसंधानकर्ता को शीघ्र आरोप पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया है। छापामारी टीम में महिला थाना की थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक सुनिता कुमारी के नेतृत्व में रूपाली कुमारी, सीमरन भारती और अन्य पुलिसकर्मी शामिल है।

## समस्तीपुर में भादोघाट पुल के पास डायवर्जन बहा, राहगीरों को 10 किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है





**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के वारिसनगर से गुजरने वाली शांति नदी के भादोघाट पर पानी के तेज बहाव में बहे डायवर्जन के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। डायवर्जन बहने से समस्तीपुर हथौड़ी पथ पर सोमवार को दूसरे दिन भी आवागमन ठप रहा। राहगीरों को करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। लोगों की परेशानी को देखते हुए जल निस्सरण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में डायवर्जन का निर्माण सोमवार शाम से शुरू किया गया। हालांकि अत्यधिक कटाव हो जाने के कारण काम करने में परेशानी हो रही है। आज (मंगलवार) निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**डायवर्जन के ऊपर बह रहा है पानी :** शांति नदी पर वारिसनगर-हथौड़ी को जोड़ने वाले पथ पर शांति धार के 22.020 किमी.? पर पुल का निर्माण जल निस्सरण प्रमंडल समस्तीपुर के द्वारा किया जा रहा है। पुल निर्माण के लिए कार्य स्थल के समीप आवागमन के लिए डायवर्सन का निर्माण कराया गया है। विगत कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण नदी में पानी का जलस्तर बढ़ा है। जिसके कारण डायवर्जन के ऊपर से पानी बह रहा है।

**समस्तीपुर हथौड़ी पथ पर आवागमन है ठप :** डायवर्सन बह जाने के कारण समस्तीपुर हथौड़ी पथ पर आवागमन ठप है। जिस कारण समस्तीपुर और दरभंगा के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते लोग दरभंगा के बहेरी, कुशेश्वर स्थान, बेनीपुर दरभंगा, रोसड़ा, बेगूसराय जाते हैं। अभी राहगीरों को दूसरे रास्ते से दरभंगा की ओर जाना पड़ रहा है। जिससे उन्हें करीब 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

## भोजपुर में ट्रेन से कटकर 2 युवकों की मौत, रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय हादसा



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में सिकरिया हॉल्ट के समीप अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। एक की मौत घटनास्थल पर जबकि दूसरे की अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। दोनों झारखंड के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान लातेहार जिला के सुरली निवासी पंकज कुमार और नेसारूल अंसारी (18) के तौर पर हुई है। घटना दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड की है। मृतकों के दोस्त नौशाद ने बताया कि सभी लोग रघुनाथपुर स्थित जे.के सीमेंट फैक्ट्री में काम करते थे। काम खत्म करने के बाद दोनों बाजार करने गए थे। वापस लौटते समय सिकरिया हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से जान चली गई। आरा रेल पुलिस से हादसे की जानकारी मिली। जिसके बाद परिजन अस्पताल पुहंचे। वहीं, नेसारुल अंसारी के चाचा हफीज ने बताया कि दोनों पांच दिन पहले लातेहार से काम करने यहां आए थे। दोस्तों ने बताया कि बाजार से लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। लेकिन मुझे लगता है कि किसी ने लाकर जबरन ट्रैक पर लिटा दिया है। पंकज 5 भाई-बहन में दूसरे नंबर था। जबकि नेसारुल तीन भाई और दो बहन में पांचवें नंबर पर था।

# दिल्ली में एनटीपीसी अध्यक्ष से मिले सांसद मनीष जायसवाल

## सीसीएल की तर्ज पर विस्थापितों को स्थायी रोजगार, मुआवजा राशि 20 लाख से 40 लाख करने, कट-ऑफ तिथि समाप्त करने और प्रभावी आजीविका नीति की जरूरत पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग क्षेत्र में एनटीपीसी की परियोजनाओं से प्रभावित गांवों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके शीघ्र समाधान की मांग की।




सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि वर्षों से कोयला और ऊर्जा परियोजनाओं के चलते हजारों परिवार विस्थापित हुए हैं, जो आज भी अपने अधिकारों और पुनर्वास के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने एनटीपीसी अध्यक्ष के समक्ष कई महत्वपूर्ण मुद्दे रखेः

**स्थायी रोजगार की मांग:** सांसद ने कहा कि सीसीएल द्वारा विस्थापित परिवारों को रोजगार देने का प्रावधान है, जबकि एनटीपीसी में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने सीसीएल की तर्ज पर एनटीपीसी में भी विस्थापितों को स्थायी रोजगार देने की मांग की।

**उचित और बढ़ा हुआ मुआवजा:** सांसद ने कहा कि पुरानी दरों पर दिया जा रहा मुआवजा अब असंगत हो गया है। उन्होंने प्रति एकड़ मुआवजा 20 लाख से बढ़ाकर 40 लाख किए जाने की मांग की, ताकि प्रभावित परिवारों को वास्तविक बाजार मूल्य के अनुसार न्याय मिल सके।

**कट-ऑफ तिथि समाप्त करने की मांग:** वर्तमान में 2016 की कट-ऑफ तिथि के कारण कई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। सांसद ने इस तिथि को समाप्त करने की अपील की।

**प्रभावी आजीविका नीति और पर्यावरण संतुलन:** उन्होंने जोर दिया कि विस्थापितों की अर्जीविका की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी पुनर्वास नीति बनाई जाए, और परियोजनाओं के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को भी गंभीरता से लिया जाए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह समय है जब बड़ी परियोजनाओं से प्रभावित लोगों के अधिकार, आजीविका और सम्मान की रक्षा की जाए। उन्होंने आशा जताई कि एनटीपीसी प्रबंधन इन बिंदुओं पर सकारात्मक निर्णय लेकर हजारीबाग के विस्थापितों को न्याय दिलाएगा।

# 'झारखंड आंदोलन के मार्गदर्शक को अंतिम जोहार' : उमाशंकर अकेला

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उमाशंकर अकेला ने अर्पित की अंतिम श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री और आदिवासी समाज की पहचान दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिशोम गुरु की सादगी, संघर्षशीलता और समाज के प्रति उनकी निःस्वार्थ सेवा हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। उमाशंकर अकेला ने कहा कि आज अद्वितीय आदिवासी नेतृत्व और संघर्ष की प्रतीक, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पार्थिव शरीर का दर्शन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने झारखंड आंदोलन को नई दिशा दी और आदिवासी अस्मिता की आवाज़ को देश के कोने-कोने तक पहुंचाया। उनकी अनुपस्थिति एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनके विचार, सिद्धांत और योगदान सदैव अमर रहेंगे। उन्होंने दिशोम गुरु को 'अंतिम जोहार' अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड ने



एक ऐसे जननायक को खो दिया है, जिसकी जगह कोई नहीं ले सकता। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष, समर्पण और सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

# मुक्तिधाम सेवा संस्थान ने किया अज्ञात शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** मुक्तिधाम सेवा संस्थान ने एक बार फिर सेवा और मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए एक अज्ञात शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया। समाज में जब अधिकतर लोग ऐसे मामलों से दूरी बनाते हैं, वहीं यह संस्थान वर्षों से निःस्वार्थ सेवा भावना से इस पुनीत कार्य को करता आ रहा है। संस्थान के संयोजक नीरज कुमार ने कहा कि बेसहारा और अज्ञात लोगों को भी उसी सम्मान के साथ विदा देना हमारी जिम्मेदारी है, जैसी हम अपने परिजनों को देते हैं। यही सच्ची सेवा और मानव धर्म है। उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम सेवा संस्थान लगातार ऐसे कार्यों में संलग्न है जहां अज्ञात, गरीब और बेसहारा लोगों के शवों का संस्कार धर्म और रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाता है।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना - गया रेलखंड के सैदपुर गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक सैदपुर गांव निवासी मनोज कुमार बताए जाते हैं। इस बाबत मृतक के भाई राजू सिंह ने बताया कि मनोज पति-पत्नी के साथ मसौढ़ी में किराए के मकान में रहता था जहां मनोज पटना में नौकरी करता था। उन्होंने बताया कि घटना कैसे हुई यह मुझे भी पता नहीं है। उन्होंने बताया कि हमे मखदुमपुर थाने की पुलिस के द्वारा घटना की सूचना दिया गया है।

# झारखंड में मानसून का कहर: पांच जिलों में रिकॉर्ड बारिश, 12 जिलों में यलो अलर्ट जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** इस वर्ष झारखंड में मानसून ने अपनी तय सीमा से कहीं अधिक मेहरबानी दिखाई है। राज्य के कई जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे खरीफ की फसल और सब्जियों की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं, लगातार बारिश के कारण आम जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार 1 जून से 4 अगस्त 2025 के बीच पाँच जिलों में अत्यधिक वर्षा (लार्ज एक्सेस) दर्ज की गई है, जबकि 13 जिलों में सामान्य से अधिक और पाँच जिलों में सामान्य बारिश रिकॉर्ड हुई है। मौसम विभाग ने 7 और 8 अगस्त के लिए राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट घोषित किया है।

**7 व 8 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट**

मौसम केंद्र ने 6 अगस्त को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि राज्य में कहीं-कहीं तेज़ हवाओं, वज्रपात और मेघ गर्जन की संभावना है। विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

7 अगस्त को झारखंड के 12 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। 8 अगस्त को दक्षिण-पूर्वी, उत्तर-पूर्वी और मध्य झारखंड के कई हिस्सों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

**पांच जिलों में सामान्य से दोगुनी बारिश**

राज्य के जिन पाँच जिलों में अत्यधिक बारिश (लार्ज एक्सेस) दर्ज की गई है, उनमें पूर्वी सिंहभूम शीर्ष पर है। यहां 1216.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई, जो सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक है। सरायकेला-खरसांवा दूसरे स्थान पर रहा, जहां 1040.8 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 87 प्रतिशत अधिक है। लातेहार में 1000.8 मिमी वर्षा के साथ 76 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। रांची में भी सामान्य से 74 प्रतिशत अधिक तो धनबाद में 68% अधिक बारिश हुई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**खेती और जनजीवन पर असर**

विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी अधिक बारिश खरीफ की फसल और सब्जियों की खेती के लिए अनुकूल नहीं है। खेतों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे फसलें सड़ने और उत्पादन घटने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में जलजमाव, ट्रैफिक जाम, और बिजली आपूर्ति में बाधा जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं और नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर-नालंदा मुख्य मार्ग पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इसलामपुर नगर के मुर्गियाचक मोहल्ले स्थित स्नातक महाविद्यालय के पास हुआ। मृतक की पहचान इसलामपुर थाना क्षेत्र के मेढ़ी गांव निवासी सुरेंद्र केवट के 22 वर्षीय पुत्र भरत कुमार के रूप में हुई है। घायल युवकों में एक मेढ़ी गांव निवासी विलास केवट का 20 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार तथा दूसरा इसलामपुर नगर के पक्की तालाब मोहल्ला निवासी अमन कुमार शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भरत कुमार अपने चचेरे भाई गोलू के साथ बाइक से बाजार आया था। लौटते समय रास्ते में स्नातक महाविद्यालय के समीप उनकी बाइक ने अमन कुमार को टक्कर मार दी। टक्कर से अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, घटना के बाद घबराकर भरत और गोलू बाइक से भागने लगे, लेकिन तेज रफ्तार के कारण बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इसलामपुर के निजी क्लिनिक लाया गया, जहां डॉक्टरों ने भरत कुमार को मृत घोषित कर दिया। अमन कुमार की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया है, जबकि गोलू का इलाज इसलामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया।

# संत विनोबा नगर स्थित अपना जेनरल स्टोर में राखियों की धूम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** संत विनोबा नगर स्थित 'अपना जेनरल स्टोर' में रक्षाबंधन पर्व को लेकर रंग-बिरंगी राखियों की बिक्री जोरों पर है। बाजार में जहां महंगाई ने लोगों को परेशान कर रखा है, वहीं इस स्टोर पर ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की राखियां बेहद किफायती दामों में उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टोर संचालक अनिल कुमार एवं दीपमाला ने बताया कि इस वर्ष राखियों की कई नई वैरायटी बाजार में उपलब्ध हैं, जिन्हें खास तौर पर बच्चों, युवतियों और महिलाओं को ध्यान में रखकर मंगाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हर वर्ग की बहनें अपनी पसंद की



राखी अच्छे दाम पर खरीद सकें। स्टोर पर इन दिनों लड़कियों एवं महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो अपने भाइयों के लिए सुंदर राखियां खरीदने पहुंच रही हैं। त्योहार को देखते हुए दुकान को आकर्षक तरीके से सजाया गया है और ग्राहकों के लिए विशेष छूट की भी व्यवस्था की गई है।

# हजारीबाग जिले के 1000 स्थानों पर मनाया जाएगा विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस : अरविंद मेहता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक संघ कार्यालय में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने की और संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी अखंड भारत संकल्प दिवस और स्थापना दिवस को लेकर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे, अर्थात यदि हम समाज और देश को बांटते हैं, तो हमारा अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। हमें एकजुट रहना होगा और समाज एवं देश की एकता को



बनाए रखना होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हजारीबाग जिले के 1000 से अधिक स्थानों पर स्थापना दिवस मनाने की योजना है और जिले की सभी समितियां इसमें पूर्ण रूप से सक्रिय भागीदारी करेंगी।

बैठक में नंदकिशोर जी, गुरुदेव, अभिनव, उमेश गुप्ता, मिथिलेश, चंदन, सुमंत पांडे, अरविंद मेहता, ऋषिकेश, भागीरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, पंकज कुमार, मिथिलेश कुमार, गौतम सोनी, ओम प्रकाश, इंद्रदेव करमाली, राजन कुमार महतो, अनुज कुमार राणा, नितेश कुमार, अभिनव कुमार, रविंद्र लाल, सोनल प्रियांशु, जगत किशोर, गौतम कुमार सिंह, सतीश साहू, प्रणव शंकर, भोला प्रसाद, प्रदीप चंद्रवंशी, कैलाश ठाकुर, पिंटू गुप्ता आदि उपस्थित अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं में शामिल रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में संगठन को मजबूत बनाने और अखंड भारत के संकल्प को जीवन में उतारने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को बोकारो में श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक शिबू सोरेन के निधन पर बोकारो स्थित सरकारी सेवानिवृत्त पदाधिकारियों की आवासीय कॉलोनी के सामुदायिक भवन में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदानों को याद किया। सभा में राज्य प्रशासन, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं अन्य क्षेत्रों के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों ने शिबू सोरेन के सामाजिक, राजनीतिक और जनहितकारी कार्यों को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने आदिवासी समाज की आवाज को राजनीति के केंद्र में पहुंचाया और झारखंड के गठन में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। इस श्रद्धांजलि सभा में जे.के. सिंह (सेवानिवृत्त डीआईजी), पांडेय सतीश चंद्र सिन्हा (सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिलाधिकारी), डॉ. प्रमोद (सेवानिवृत्त सिविल सर्जन), डॉ. एस.बी. जारूहार (सेवानिवृत्त क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन), बी.के. सिंह, अनिल, एस.के. चंद्रा, डॉ. प्रियदर्शी जारूहार (निदेशक, जीजीपीटीसीएस), कान्द्रा पी.के. सिंह सहित अनेक सेवानिवृत्त अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में दिवंगत नेता को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा झारखंड की सामाजिक चेतना को दी गई दिशा और प्रेरणा को युगों तक स्मरणीय बताया।

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत नहीं कराएगी चहारदीवारी का रंग-रोगन


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** स्वतंत्रता दिवस पर रजौली इंटर विद्यालय के मैदान में होने वाले राजकीय समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन के विद्यालय का रंग-रोगन करा देने का आश्वासन देने के बावजूद रजनी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने रंग-रोगन कराने से इंकार कर दिया है। लोगों की जुबान पर चर्चा है कि राजनीतिक दबावों के कारण कार्यपालक पदाधिकारी राजेश के द्वारा विद्यालय की चहारदीवारी का रंग-रोगन कराने से इंकार कर दिया गया है। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस पर राजकीय समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल सभागार में हुई बैठक में रजौली इंटर विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष संजीव रंजन ने विद्यालय की चहारदीवारी का रंग-रोगन कराने के लिए एसडीओ के समक्ष प्रस्ताव दिया था। जिस पर एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने कार्यपालक पदाधिकारी राजेश से बात करने की बात कही थी। बैठक के बाद रजौली इंटर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार तरुण के द्वारा रजौली नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश को आवेदन देकर चहारदीवारी का रंग-रोगन कराने का अनुरोध किया गया था। जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि जल्द ही चहारदीवारी का रंग-रोगन का कार्य करा दिया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी राजेश के द्वारा आश्वासन के बाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के वार्ड पार्षद मुकेश कुमार ने रजौली इंटर विद्यालय पहुंचकर स्थल का मुआयना किया और उसके बाद रंग-रोगन के लिए आवश्यक तैयारी में जुट गए। यहां तक की मजदूरों को भी अग्रिम के तौर पर एक-एक हजार रुपए दे दिए गए। लेकिन इसी बीच राजनीतिक इशारे पर कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने फंड नहीं होने की बात कह कर रंग-रोगन का कार्य कराने से इंकार कर दिया। जब इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी राजेश से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि रजौली नगर पंचायत क्षेत्र में विद्यालय के स्थित होने का मतलब यह नहीं है कि सारा कार्य रजौली नगर पंचायत से ही कराया जाए। विद्यालय की चहारदीवारी का रंग-रोगन का कार्य कराना विद्यालय की अपनी जिम्मेदारी है। इसलिए यह कार्य विद्यालय को ही करना है। उनके यहां फंड में रुपए नहीं है। जिसके कारण रंग-रोगन का कार्य नहीं कराया जा सकता है।

# फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की कोशिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार में फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की कोशिश करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मामला नवादा जिला के कौआकोल प्रखंड का है जहां 27 जुलाई को एक फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने की साजिश का खुलासा हुआ। राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने बताया कि कार्यपालक सहायक पिंटू कुमार ने बताया कि आवेदन के जांच के दौरान आवेदन संख्या के द्वारा कम्प्यूटर बेबेज, पिता-चार्ल्स बेबेज, माता-एलन ट्यूरिंग, ग्राम-कुतुबचक, वार्ड-1, पोस्ट-चंद्रदीप, थाना-कौआकोल के नाम से फर्जी आधार कार्ड अपलोड कर आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की असफल कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल आवेदन को रद्द कर इसकी सूचना कौआकोल सीओ समेत अन्य वरीय अधिकारियों को दी जा रही है। आवेदन में कम्प्यूटर का फोटो दिया गया है। बता दें कि इससे पहले एक कुत्ते, फिल्मी एक्ट्रेस, सीएम नीतीश समेत अन्य काल्पनिक



फॉर्म/Form - XII
निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र
कार्यालय का नाम: अंचल - कौवाकोल, अनुमंडल - नवादा, जिला - नवादा, बिहार
आवेदन पत्र संख्या : BRCCO/2025/17640783 आवेदन की तिथि : 27/07/2025

| | |
|---|---|
| 1. आवेदन का प्रकार / Application Type | : ऑनलाइन / Online |
| 2. आवेदक का नाम (Name of Applicant) | : कंप्यूटर बेबेज (Computer Babbage) |
| 3. लिंग / Gender | : पुरुष / Male |
| 4. पिता का नाम (Name of Father) | : चार्ल्स बेबेज (Charles Babbage) |
| 5. पति का नाम (Name of Husband) | : |
| 6. माता का नाम (Name of Mother) | : एलन ट्यूरिंग (Alan Turing) |
| 7. आवेदक का मोबाइल संख्या / Mobile No. of Appplicant | : |
| 8. आवेदक का ईमेल / Email of Applicant | : |
| 9. राज्य / State | : बिहार / Bihar |
| 10. जिला / District | : नवादा / NAWADA |
| 11. अनुमंडल / Sub-Division | : नवादा / NAWADA |
| 12. प्रखंड / Block | : कौवाकोल / KAWAKCLE |
| 13. गाँव (Village) / मोहल्ला (Town) | : कुतुबचक |
| 14. ग्राम पंचायत (Village Panchayat) / वार्ड संख्या (Ward No.) | : 01 |
| 15. डाकघर / Post Office | : चंद्रदीप |
| 16. थाना / Police Station | : कौवाकोल / KAWAKCL |
| 17. पिन कोड / Pin Code | : 805106 |
| 18. आवेदन का उद्देश्य / Purpose of Application | : |

फॉर्म/Form - XIV
स्वयं शपथ पत्र (निवास प्रमाण पत्र हेतु)

मैं कंप्यूटर बेबेज, पिता चार्ल्स बेबेज, माता एलन ट्यूरिंग, ग्राम / मोहल्ला - कुतुबचक, वार्ड संख्या - 01, डाकघर - चंद्रदीप, थाना - कौवाकोल, पिन कोड - 805106, प्रखण्ड - कौवाकोल, अनुमंडल - नवादा, जिला - नवादा, राज्य बिहार का निवासी हूँ।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य / गलत पायी जाती है तो मैं पूर्ण रूप से जानता/जानती हूँ कि इस आवेदन-पत्र के आधार पर दिये गये प्रमाण-पत्र के द्वारा शैक्षणिक संस्थान में लिया गया प्रवेश / लोक सेवाओं में प्राप्त की गई नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी / दिया जायेगा अथवा इस प्रमाण-पत्र के आधार पर कोई अन्य सुविधा / लाभ प्राप्त किया गया है उससे भी वंचित किया जा सकेगा और इस संबंध में विधि एवं नियमों के अधीन मेरे विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई के लिए मैं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी।

नामों के जरिए भी इसी तरह के आवेदन सामने आ चुके हैं,जिससे पूरे राज्य में प्रमाण पत्र सिस्टम की साख पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। सीओ मनीष कुमार ने भी बताया कि ऑनलाइन माध्यम से फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश की गई। इस पूरे प्रयास का खुलासा सत्यापन के दौरान हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत एटीएम संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 द्वारा संविदा की सुपुर्दगी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है: नीलामी की श्रेणी: एटीएम। ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एटीएम-14-08। नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय: 14.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। स्टेशन का नाम/स्थान/ट्रेन सं. एवं एसएलआर: नीचे उल्लेखित 11 स्टेशनों के 13 स्थानों पर एटीएम की स्थापना - आसनसोल (ट्रैफिक जिम्नाजियम एवं वीआईपी रोड के प्रवेश के निकट), गिरिडीह, दुमका, बासुकीनाथ, देवघर, चित्तरंजन, कुल्टी, सीतारामपुर, सिमुलतला (स्टेशन के पूर्व एवं पश्चिम की ओर), बराकर एवं कुमारधुबी। कुल सम्पत्तियां: एटीएम-13 सम्पत्तियां। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपरोक्त अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-145/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रसोइया द्वारा छात्रा के उत्पीड़न को लेकर जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान, जांच कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत शकूराबाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक छात्रा द्वारा रसोइया से रोटी मांगे जाने पर मुख्य रसोइया रिंकु देवी द्वारा गरम छोलनी से उसका हाथ जला दिये जाने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन मंगलवार को हरकत में आया। उक्त घटना की जानकारी प्राप्त होते ही जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में एक संयुक्त जांच दल विद्यालय में भेजा गया।जांच दल में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा0 शि0 एवं समग्र शिक्षा), एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,प्रभारी जिला समन्वयक को शामिल किया गया। जांच के दौरान उपस्थित छात्राओं, वार्डे न तथा संबंधित स्टाफ से बातचीत व निरीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि घटना प्रथम दृष्टया यह घटना सत्य है।

संबंधित अधिकारियों के जांच प्रतिवेदन के आधार पर छात्रा को तुरंत प्राथमिक उपचार दिलवाया गया तथा अभिभावक को बुलाकर सुरक्षित रूप से उसे घर भेजा गया। छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए जांच दल के निर्देश पर मुख्य रसोइया रिंकु देवी को तत्काल प्रभाव से कार्य से प्रतिबंधित कर दिया गया है। बताया गया कि आगे की विभागीय कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

विद्यालय वार्डे न व सभी संबंधित कर्मियों को बच्चों से संवेदनशील व मर्यादित व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कस्तूरबा विद्यालयों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकार सर्वोपरि है, और किसी भी

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना - गया रेलखंड के सैदपुर गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक सैदपुर गांव निवासी मनोज कुमार बताए जाते हैं। इस बाबत मृतक के भाई राजू सिंह ने बताया कि मनोज पति-पत्नी के साथ मसौढ़ी में किराए के मकान में रहता था जहां मनोज पटना में नौकरी करता था। उन्होंने बताया कि घटना कैसे हुई यह मुझे भी पता नहीं है। उन्होंने बताया कि हमे मखदुमपुर थाने की पुलिस के द्वारा घटना की सूचना दिया गया है।

# जर्जर भवन में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं चलाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के छतरवार गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन एवं कोड संख्या 49 की जांच मंगलवार को पर्यवेक्षिका भारती कुमारी ने की। पर्यवेक्षिका ने बताया कि आंगनबाडी केंद्र की जांच की गई। आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर है। सेविका संगीता कुमारी को निर्देश दिया गया कि जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नहीं बुलाया जाए। सेविका को किराए के मकान में या अपने घर में तत्काल सेंटर चलाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि विभाग को इस आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति की जानकारी दी जा रही है। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह जर्जर हो गया है। केंद्र में बच्चों को बिठाना खतरा से खाली नहीं है। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण 1999 में कराया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीनों की संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है : **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीनों (एवीएम) का प्रावधान। **नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एवीएम-25-1. सिक्वेंस सं.; लॉट सं./श्रेणी; ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय; कार्य का विवरण: एए/1;** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-101-25-1; 19.08.2025 को दोपहर 12.30 बजे; पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए दुर्गापुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 01 पर कैटरिंग सेवाओं के लिए एकल प्रारूप में ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट x 3 फीट = 15 वर्ग फीट) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवंटन। **एए/2;** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-102-25-1; 19.08.2025 को दोपहर 12.40 बजे; पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए दुर्गापुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 4-5 पर हावड़ा छोर की ओर स्वचालित सीढ़ी के बगल में कैटरिंग सवाओं के लिए एकल प्रारूप में ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट x 3 फीट = 15 वर्ग फीट) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवंटन। **एए/3;** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-100-25-1; 19.08.2025 को दोपहर 12.50 बजे; पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए दुर्गापुर स्टेशन के कनकर्स एरिया में (स्कैनर मशीन के सामने) कैटरिंग सवाओं के लिए एकल प्रारूप में ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवंटन।

(ASN-146/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 05-08-2025 21:30 Page 1



# डीएमसीएच में छात्र की गोली मारकर हत्या

## छात्रों ने हत्यारे को धुना, किया पुलिस के हवाले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा मेडिकल कालेज (डीएमसीएच) में मंगलवार की शाम पांच बजे बीएससी नर्सिंग के एक छात्र को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे हमलावर को लोगों ने दबोच लिया। इसके बाद छात्रों ने पिस्टल छीनकर उसकी जमकर धुनाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल छात्र और कर्मी हंगामा कर रहे हैं। मृतक छात्र राहुल कुमार (25) बीएससी नर्सिंग के द्वितीय वर्ष का छात्र है। जिसने प्रथम वर्ष की छात्रा तन्नु प्रिया से चार माह पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों हास्टल के ऊपर नीचे कमरे में रहते थे। इस शादी से तन्नू प्रिया के स्वजन नाराज चल रहे थे।

मंगलवार की शाम राहुल हाजिरी बनाकर हास्टल जा रहा था। इसी बीच उसके ससुर ने गोली मार दी। इसके बाद राहुल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर ससुर भागने को कोशिश की, जिसे छात्रों ने दबोच लिया।

फिलहाल छात्र का स्थायी पता और उसके ससुर का नाम व पता की जानकारी नहीं मिल पाई है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। वहीं हंगामा को देखते हुए जिला पुलिस कार्यालय से दंगा नियंत्रण दस्ता के साथ कई थाने की पुलिस पहुंची है। स्वयं सदर एसडीपीओ राजीव कुमार भी कैंप कर रहे हैं।

# कुआं में डूबने से बालक की मौत

**गयाजी।** आमस थाना क्षेत्र के झरी पंचायत के कुसा गांव में कुआं में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। जिसकी पहचान इसी गांव के अशोक यादव के ढाई वर्षीय पुत्र यांस कुमार के रूप में हुई है। मृतक के चाचा विश्वनाथ यादव ने बताया की भाभी अपने बच्चे के साथ सोमवार की देर शाम बधार में शौच के लिए गई थी। इसी दरम्यान पानी से लबालब कुआं में नन्हा बालक गिर गया। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब तक डूब चुका था। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमस लाया गया। जहां के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष पवन कुमार और सीओ अरशद मदनी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

बच्चे के मौत की खबर मिलते ही परिवार सहित गांव में मातम पसर गया। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया गया है।

# पूर्व विधायक अनंत सिंह को मिली जमानत

## समर्थकों ने मनाया जश्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व विधायक अनंत सिंह को हाई कोर्ट ने बहुचर्चित सोनू-मोनू गोलीकांड मामले में जमानत दी है। पटना हाई कोर्ट से जमानत मिलते ही समर्थकों में खुशी का माहौल कायम हो गया। समर्थको ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और पटाखे फोड़ते हुए मिठाई बांटकर जश्न मनाया। पटना हाईकोर्ट में जस्टिस चंद्रशेखर झा ने मामले की सुनवाई की। अनंत सिंह जनवरी 2025 से जेल में बंद थे। उन्हें पंचमहला थाना में दर्ज कांड संख्या 05/2025 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

यह मामला कई मामलों में वांछित रहे सोनू-मोनू पर हुए हमले से जुड़ा है। इससे पहले इस केस में आरोपी सोनू को भी जमानत मिल चुकी है, जिसके बाद उसे भागलपुर जेल से रिहा कर दिया गया था। अब अनंत सिंह को भी जमानत मिलने के बाद उनके जेल से बाहर आने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इस बात की सूचना मिलते ही उनके समर्थक उत्साहित हो गये । बड़ी संख्या में जुटे अनंत समर्थकों ने थाना चौक पर पटाखे फोड़े और अनंत सिंह जिंदाबाद के नारे भी लगाए। मोकामा थाना चौक पर अनंत समर्थक कन्हैया सिंह और चंचल सिंह ने इस खुशी में एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई और आगामी चुनाव में जीत की हुंकार भरी। अनंत सिंह के समर्थकों ने पूर्व विधायक को जमानत मिलने को न्याय की जीत बताया है।

22 जनवरी,2025 को सोनू और मोनू ने मुकेश सिंह के घर में ताला लगा दिया था। मुकेश उनके ईंट भट्टे में मुंशी का काम करता था। दोनो ने उस पर कथित तौर पर 68 लाख रुपए के गबन का आरोप लगाया था। मुकेश ने अनंत सिंह से मदद मांगी। साथ ही पंचमहला थाना में सोनू-मोनू के खिलाफ शिकायत की थी। वही दोनों पक्षों के जमकर गोलीबारी हुई थी।

### युवक का शव मिलने से सनसनी

**गोपालगंज।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के बरनइया गोकुल चवर में मंगलवार की शाम एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खेत की ओर गए ग्रामीणों ने शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर स्थानीय लोगों की मदद से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार भेजे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि युवक की हत्या सोमवार की रात की गई होगी। शव से कुछ दूरी पर मृतक का पैंट भी बरामद हुआ है। युवक के नाक से खून निकल रहा था और आंखें बाहर निकली हुई थीं। इससे अंदेशा है कि गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया है।फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सदर अस्पताल रोड निकट कोशी पुल स्थित न्यू पल्स हॉस्पिटल तथा विराट मेडिकल कॉलेज टीचिंग हॉस्पिटल, विराटनगर नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क मेडिकल मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें इलाके के सैकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और निशुल्क दवाइयां ली।

अस्पताल के प्रबंधकों मे यथा मो जीशान और अफरोज आलम ने बताया कि दर्जनों डॉक्टरों के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। इस मेडिकल कैंप में लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। आए हुए रजिस्टर्ड मरीजों को फ्री में हर प्रकार की जांच किया गया तथा जरूरतमंदों के बीच दवा का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों मरीजो ने स्वास्थ लाभ उठाया।

कैम्प में आए लोगों में गफूर , शकूर आबिद , नाहेदा ,कुलसुम, हसीदन नूरी ,सायबा परवीन, खेरून निशा सबिला खातून, मरियम खुतेजा, कासिम,मुर्तजा आदि सहित सैंकड़ों लोगों से बात की तो किसी ने अपना रोग डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सुगर , दंत रोग, स्त्री रोग, गैस की शिकायत, व हड्डी दर्द रोग, नाक, कान ,आंख ,गला सहित अनेकों बीमारियों से ग्रस्त मरीज कैम्प में इलाज के लिए आये थे। लगभग आठ सौ से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

मरीजों के लिए निःशुल्क दवा वितरित भी की गयी और खून की सभी जाचें भी निशुल्क की गयी। आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में दमा, निमोनिया, टीबी, फेफड़ों में पानी भरना, ब्रोन्काइटिस और एलर्जी, आंख रोग, स्किन रोग,नाक , गला, कैंसर रोग आदि तक का उपचार भी किया गया। अन्य बीमारी में थायराइड, कोलेस्ट्रोल, मिर्गी, फालिज, तनाव, दौरे, घबराहट और हृदय रोगों के मरीज भी इलाज के लिए पहुंचे गंभीर बीमारी की भी जांच कर उचित सलाह वो दवाई दी गई।

# निगरानी की टीम ने महिला एसआई और चौकीदार को दबोचा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खगड़िया जिले के पुलिस महकमे को शर्मसार करने वाली एक बड़ी कार्रवाई में निगरानी विभाग की टीम ने नगर थाना में पदस्थापित एक महिला सब इंस्पेक्टर और एक चौकीदार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई महिला अधिकारी की पहचान सब इंस्पेक्टर सीमा कुमारी के रूप में हुई है, जबकि गिरफ्तार चौकीदार का नाम वीरू पासवान बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को दोनों आरोपियों के खिलाफ घूसखोरी की शिकायत पहले से मिल रही थी। इसी सूचना के आधार पर मंगलवार को जाल बिछाया गया और जैसे ही दोनों ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने मौके पर ही उन्हें धर दबोचा।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को निगरानी विभाग की टीम पटना ले गई है, जहां उनसे आगे की पूछताछ की जा रही है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय या जिला पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस घटना के बाद खगड़िया जिले के पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है, और आम लोगों में भी इस मामले को लेकर चचाओं का दौर जारी है।

# आपसी रंजिश में गोली मारकर हत्या

**खगड़िया।** महेशखूंट थाना क्षेत्र के राजधाम में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए 2 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी एसपी राकेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने आपसी रंजिश में हत्या करने की बात कबूल की है।

बता दें कि घटना 4 अगस्त की रात की है, जब राजधाम वार्ड संख्या-2 निवासी सुमन कुमार उर्फ लादेन उर्फ टुट्ट को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी थी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के फर्दबयान के आधार पर महेशखूंट थाना कांड संख्या 124/25 दर्ज की गई। प्राथमिकी में शुभम कुमार, ललित यादव, रामबंद यादव, सौरभ कुमार उर्फ करिया समेत पांच अज्ञात लोगों को नामजद किया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने डीएसपी रमेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी सर्विलांस और गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर ललित यादव और सौरभ उर्फ करिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वालों को लग सकता है झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**किशनगंज।** पुलिस ने अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसमें एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष समेत तीन लोग शामिल हैं। इन लोगों की संपत्ति को जब्त करने का प्रस्ताव न्यायालय को भेजा गया है। सूची में मादक पदार्थों के तस्कर, देह व्यापार के दलाल और सरकारी रुपए का गबन करने वाले व्यक्ति का नाम शामिल है।

अवैध संपत्ति अर्जित करने वालों की सूची में शामिल एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष रहीमुद्दीन उर्फ हैबर पर सरकारी राशि गबन करने का आरोप है। वर्ष 2014 में इनपर ठाकुरगंज थाना में सरकारी रुपए गबन करने का मामला दर्ज कराया गया था, जबकि इनके खिलाफ ठाकुरगंज में धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी, दुष्कर्म के भी पांच मामले दर्ज हैं।

सूत्रों की माने तो जिलाध्यक्ष की पत्नी उस समय ठाकुरगंज प्रखंड की प्रमुख थी। इसी दौरान सरकार की विभिन्न योजना के रुपए का बाबुओं के साथ गबन करने का आरोप लगा था। जिसमें आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित है।

एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष पहले राजद में थे, लेकिन राजद से इस्तीफा देकर हैदराबाद में असदुद्दीन ओवैसी से मिलकर एआईएमआईएम में शामिल हुए थे और बाद में उन्हें पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया गया था।

देह व्यापार के धंधे में लिप्त शहर के खगड़ा निवासी मु. कुर्बान व बहादुरगंज प्रेमनगर में देह व्यापार के धंधा कराने में शामिल रहे विशनपुर के दलाल चांद हुसैन उर्फ चांद बिशनपुर निवासी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चांद पर महिला थाना के अलावा बहादुरगंज थाना में अनैतिक देह व्यापार व मानव तस्करी को लेकर तीन मामले दर्ज हैं, जबकि मारपीट का भी एक मामला दर्ज है।

वहीं, कुर्बान पर महिला थाना में अनैतिक देह व्यापार व बहादुरगंज थाना में षड्यंत्र का मामला दर्ज है।

# नेपाल और बिहार के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश ने बढ़ायी लोगों की मुश्किलें

## अधिकारी अलर्ट मोड पर, प्रशासन सतर्क



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेपाल और बिहार के तराई क्षेत्रों में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश का असर मुजफ्फरपुर जिले में भी दिखने लगा है। कटरा प्रखंड से होकर बहने वाली बागमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नदी उफान पर है। बाढ़ जैसे हालात बनने लगे हैं और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

बागमती नदी पर कटरा-बकुची रोड को जोड़ने वाला पीपा पुल पानी की चपेट में आ गया है। तेज बहाव के कारण पुल के एप्रोच पथ (आने-जाने का रास्ता) पर पानी चढ़ गया है, जिससे इस मार्ग से आवागमन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों को डर सता रहा है कि यदि जलस्तर में और बढ़ोतरी हुई तो पीपा पुल पर नदी का पानी चढ़ जाएगा, जिससे कटरा प्रखंड की 16 पंचायतों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट जाएगा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रखंड क्षेत्र के अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहकर हालात पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि फिलहाल बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन लगातार हो रही बारिश और बढ़ते जलस्तर ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बागमती नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। संभावित बाढ़ की आशंका को लेकर लोग डरे हुए हैं। एक ग्रामीण ने बताया, ""हर साल की तरह इस बार भी हमें बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़ेगी। पानी बढ़ रहा है और बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह समस्या कई दशकों से चली आ रही है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। चुनाव के समय नेता आते हैं, वादे करते हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, बाढ़ की स्थिति में यही संपर्क मार्ग उनका एकमात्र सहारा होता है। मार्ग बाधित होते ही पूरा इलाका मुख्यधारा से कट जाता है। प्रखंड क्षेत्र के लोग वर्षों से बाढ़ की इस समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार और प्रशासन

# पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** जिले के तरैया थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक कुख्यात बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पानापुर थाना क्षेत्र के रामदासपुर मोरिया गांव निवासी रामविलास राय व बदमाश रंधीर कुमार उर्फ भुअर के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे तुरंत तरैया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात बदमाश भुअर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जब पुलिस उसे पकड़ने पहुंची, तो उसने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक गोली उसके दाहिने पैर में जा लगी। तरैया रेफरल अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि गोली पैर को आर-पार कर चुकी है, फिलहाल घायल की स्थिति खतरे से बाहर है।

# कार्यालयों में बाहरी लोगों का होगा प्रवेश बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** कार्यालयों में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और सरकारी कामकाज में बाधा की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग के कार्यालय में लगे सीसी कैमरों की पुरानी रिकॉर्डिंग को देखने के उपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप रंजन ने यह रुख अख्तियार किया है।उन्होंने कहा है कि रिकॉर्डिंग के अवलोकन में यह पाया गया कि कार्यालय कर्मियों के कक्षों में अनधिकृत व्यक्तियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो विभाग के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन है। डीईओ ने शिक्षकों को भी कार्यालय आने से मना किया है।जारी आदेश में उन्होंने कहा है कि आम नागरिकों के लिए जनता दरबार केवल शनिवार को आयोजित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी भी आम नागरिक या विभागीय कर्मी को कार्यालय से कोई सहायता या सूचना चाहिए, तो उन्हें नियमानुसार आवेदन प्रक्रिया का पालन करना होगा। यह स्पष्ट किया गया है कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किसी भी कार्यालय कर्मी से उनके निर्धारित स्थान पर कार्य समय में मिलना या उनसे बातचीत करना सरकारी कार्य में बाधा माना जाएगा। साथ ही, बिना उचित प्रक्रिया के कोई भी सरकारी अभिलेख प्राप्त करना गैरकानूनी होगा।

कार्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को भी यह निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी बाहरी या अनधिकृत व्यक्ति को अपने कक्ष में न बुलाएं और न ही बिठाएं।डीईओ ने कहा है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना उचित प्रक्रिया के कार्यालय का कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना कार्यालय की गोपनीयता भंग करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने जैसा गंभीर कृत्य माना जाएगा। इसे आपराधिक कृत्य की श्रेणी में भी रखा जा सकता है। डीईओ ने कहा है कि यह सख्त निर्देश इसलिए जारी किए गए हैं, क्योंकि पूर्व में कार्यालय में पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखों के गायब होने और बाहरी व्यक्तियों के पास पाए जाने के मामले भी सामने आए हैं। इस परिस्थिति में आदेश दिया गया है कि वे कार्यालय अवधि में बिना पूर्व सूचना और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्ति को अपने कार्यस्थल पर नहीं बिठाएं और न ही उन्हें कोई अभिलेख या पत्र दिखाएं या दें। इस आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला साइबर अपराधियों का बन रहा अड्डा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** झारखंड के जामताड़ा की तरह, धीरे-धीरे वैशाली जिला भी साइबर फ्रॉड का नया हॉट स्पॉट बनने लगा है। हर रोज साइबर ठगी के नए-नए तौर-तरीके सामने आ रहे हैं। इनके ऑनलाइन ठगी के पैटर्न और नेटवर्क ने साइबर पुलिस को सकते में डाल दिया है।

पिछले पांच-छह महीने में वैशाली पुलिस और साइबर थाना की पुलिस ने ऑनलाइन लुटेरों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ दर्जन बदमाशों को पकड़ा है। इनमें से कुछ पश्चिम बंगाल के हैं, तो कुछ स्थानीय युवा है। इनमें से कोई काल सेंटर से ऑनलाइन सर्विस देने के नाम पर सात समंदर पार बुजुर्ग अमेरिकी नागरिकों को लूट रहा था, तो कोई नौकरी दिलाने के नाम पर। कुछ साइबर फ्राड घूम-घूम कर कभी अपनी मां और बच्चों के बीमार होने के नाम पर लोगों से ठगी करता था। वैशाली जिले के महुआ, पहेतिया, जंदाहा आदि क्षेत्रों से पकड़े गए इन ऑनलाइन लुटेरों के साइबर ठगी के पैटर्न ने साइबर पुलिस के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। साइबर थाना की पुलिस ने महुआ थाना के कन्हौली विशनपरसी गांव निवासी सुखारी सिंह के पुत्र रंजीत कुमार को बीते 21 मार्च को उसके घर के पीछे स्थित बगीचे से गिरफ्तार किया था। पकड़ा गया रंजीत चौथी पास है और लॉकडाउन में सऊदी अरब से लौटने के बाद उसने वर्ष 2020 से साइबर ठगी शुरू कर दी थी।

वह अक्सर लोगों को अपनी मां या बच्ची के बीमार होने का झांसा देता था। ठगी का पैसा अक्सर वह सीएसपी या किसी दुकानदार के अकाउंट पर मंगाता था। जिस फर्जी सिम से वह ठगी करता था, उस नंबर के विरुद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर 16 शिकायतें दर्ज थीं। उसने 18-20 बार में लोगों से 10 हजार रुपये से लेकर 90 हजार रुपये तक की ठगी की है। पुलिस के अनुसार, वह अब तक 12 से 15 लाख रुपये का फ्रॉड कर चुका है। उसकी साइबर ठगी की शैली ने साइबर पुलिस को काफी परेशान किया था।

### डायल 112 पर लोगों का बढ़ा भरोसा

**आरा।** भोजपुर जिले में इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम यानी डायल 112 पर आम लोगों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। जुलाई महीने में जिलेभर से कुल 3929 आपातकालीन फोन काल प्राप्त हुईं, जिनमें सर्वाधिक 3070 काल विधि-व्यवस्था संबंधी रहीं। इसके बाद घरेलू हिंसा के 424 मामले, 166 संपत्ति विवाद, 161 सड़क दुर्घटना और 14 अग्निकांड की सूचनाएं दर्ज की गईं। एसपी राज ने जानकारी दी कि डायल 112 की टीम सूचना मिलने के औसतन 13 मिनट 6 सेकेंड में शिकायतकर्ता तक पहुंच रही है। यह समय निर्धारित मानक (15-20 मिनट) के भीतर है, जो पुलिस की तत्परता को दर्शाता है। इस सेवा के तहत जिले में 28 चारपहिया वाहन और 15 बाइक, कुल 43 गाड़ियां तीन शिफ्टों में काम कर रही हैं। हर गाड़ी में फर्स्ट एड इमरजेंसी किट भी उपलब्ध है। सेवा 24 घंटे सातों दिन सक्रिय रहती है।

एसपी राज ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत डायल 112 पर कॉल करें। पुलिस पूरी तत्परता से सेवा में लगी है और हर पीड़ित को मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रेमी संग भागी प्रेमिका

**जमुई।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम-प्रसंग से जुड़े मामले में पंचों ने तुगलकी फरमान सुनाया है। प्रेमी युगल के फरार होने के बाद पंचों ने लड़की पक्ष को गांव छोड़ने का फरमान सुना दिया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले की जानकारी से इनकार किया है। पता लगाकर कार्रवाई की बात कही है। प्रेमी-प्रेमिका अलग-अलग समुदाय से आते हैं। लड़की की मां ने पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को आवेदन देकर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पीड़िता मां के आवेदन पर केस दर्ज करने की बात कही है।

अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाली पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी पुत्री 31 जुलाई को बिना किसी सूचना के घर से निकल गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव के सचिन कुमार साव के साथ वह भाग गई है। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। अब गांव के लोग दबाव बना रहे हैं कि जल्द से जल्द दोनों को वापस लाओ, अन्यथा तुम्हें गांव छोड़ना पड़ेगा।

# लोगों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

## लगाया रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार में जहां एक ओर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के बीच समर्थन और विरोध जारी है, वहीं अब मतदाता भी अपने मुद्दों को लेकर खुलकर सामने आने लगे हैं। औरंगाबाद जिले से एक ऐसी ही चौंकाने वाली खबर आई है, जहां रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत अंतर्गत कुंवर बिगहा गांव के ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनने पर विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों के इस फैसले ने सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि अब राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ग्रामीणों को मनाने गांव पहुंच सकते हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के बाद से अब तक उनके गांव में कभी सड़क नहीं बनी। गांव के समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधि राजेश कुमार यादव, राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, सुरेंद्र यादव, गुणेश दास, शैलेंद्र दास, परशुराम यादव, राज कुंडल दास, मोहम्मद साजिद, जितेंद्र दास, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद फारूक, रामाशीष यादव, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद मुतुर्जा, रामेश्वर दास, रामजी यादव, आशीष यादव, सूरज दास, चंदन दास और पुरुषोत्तम दास सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर गहरा आक्रोश जताया।

ग्रामीणों ने बताया कि कुंवर बिगहा को रफीगंज-इस्माइलपुर-गया मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली करीब 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है। हालत ये है कि अब उस पर न वाहन चल पाते हैं, न साइकिल और न ही पैदल चलना मुमकिन है। यह सड़क कई गांवों जैसे गौसपुर, प्राणपुर, पाती, मदारपुर और कासमा को जोड़ती है।

बरसात के मौसम में इस सड़क पर एक से दो फीट तक पानी और कीचड़ जमा हो जाता है। इससे न केवल आम लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है, बल्कि स्कूली बच्चों को भी काफी दिक्कतें होती हैं। बच्चे अपने जूतों को कीचड़ से बचाने के लिए प्लास्टिक लपेट कर स्कूल आते-जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब किसी मरीज की तबीयत बिगड़ती है, तो उसे गांव से रफीगंज तक ले जाना बेहद कठिन हो जाता है। जनप्रतिनिधि चुनाव के समय वोट मांगने तो आते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव की तरफ मुड़कर भी नहीं देखते।

इस नाराजगी के बीच ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का एलान करते हुए ""रोड नहीं तो वोट नहीं"" का नारा बुलंद किया। उनका कहना है कि जब तक गांव में पक्की सड़क नहीं बनेगी, तब तक वे वोट नहीं देंगे। यह गांव यादव, मुस्लिम और दलित बहुल है और यहां के लोग लंबे समय से राजद के कोर वोटर माने जाते हैं। रफीगंज से दो बार विधायक रहे राजद नेता मो. नेहालुद्दीन को यहां से हमेशा भारी समर्थन मिलता रहा है।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल और जे.पी. गंगा पथ के बीच विकसित किये जाने वाले 'वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने वीडियो क्लिप के माध्यम से विकसित किये जाने वाले वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के संदर्भ में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के बन जाने से यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन आवागमन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांस घाट स्थित देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के निकट ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण का समाधि स्थल है। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के समाधि स्थल को भी विकसित करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बांस घाट क्षेत्र में निर्माणाधीन शवदाह गृह परिसर के प्रगति कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माणाधीन शवदाह गृह की कार्य प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त एवं बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि सत्यपाल मलिक 4 अक्टूबर 2017 से 22 अगस्त 2018 तक बिहार के राज्यपाल रहे थे। बिहार के अतिरिक्त वे जम्मू-कश्मीर, गोवा एवं मेघालय के भी राज्यपाल रहे थे। सत्यपाल मलिक के रूप में देश ने एक बड़े व्यक्तित्व को खो दिया है। सत्यपाल मलिक ने राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेवारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## जिला स्तर रेड रन में बी. डी. कॉलेज, पटना के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देशन पर बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आज इको पार्क, राज भवन, जैविक उद्यान मार्ग पर जिला स्तर 'रेड रन- 2025' का आयोजन किया गया। रेड रन में पटना स्थित 20 कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस जिला स्तरीय 5 किलोमीटर दौड़ में बी. डी. कॉलेज, पटना के एनसीसी, एनएसएस एवं खेल प्रकोष्ठ से जुड़े छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सराहनीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन में एनसीसी अधिकारी ले. राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की। वहीं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआइवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। रेड रन में बी. डी. कॉलेज के निम्नलिखित छात्रों ने शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित किया। शालिनी कुमारी-तीसरा स्थान, अमरजीत राज-तीसरा स्थान, सत्यजीत गांगुली-चौथा स्थान, ऋषिकेश भट- छठा स्थान। ये सभी विजेता सितंबर में होने वाले राज्य स्तर मैराथन में पटना जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा एनएसएस इकाई की ओर से भाग लेने वाले स्वयंसेवकों की सूची इस प्रकार रही-छात्र- विकास कुमार, गौरव कुमार, सौरव झा, अलीशा कुमारी, संजीवनी कुमारी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# 8 अगस्त को जगमगाएगा बिहार, माता सीता जन्मभूमि मंदिर का होगा शिलान्यास : प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को यह घोषणा करते हुए अपार हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है कि 08 अगस्त 2025 को सीतामढ़ी के पवित्र पुनौरा धाम में जगदजननी माता सीता के भव्य मंदिर का भूमि पूजन और शिलान्यास ऐतिहासिक एवं दिव्य माहौल में संपन्न होगा। यह दिन न केवल मिथिला या बिहार के लिए, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए आस्था, संस्कृति और गौरव का महापर्व सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम वही पावन स्थल है जहां मिथिला नरेश राजा जनक ने हल जोतते समय धरती से माता सीता को पाया था। इसी कारण यह भूमि सीता जन्मभूमि के रूप में विख्यात है। हमारे धर्मग्रंथों में वर्णित है कि माता सीता के प्राकट्य के समय पूरी मिथिला में उल्लास और उत्सव का वातावरण था। आज वही ऐतिहासिक क्षण एक नई ऊर्जा और दिव्यता के साथ पुनः साकार होने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्रीनीतीश कुमार मंदिर का शिलान्यास करेंगे। साथ ही बिहार के उपमुख्यमंत्रीगण सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण और देशभर से पधारे साधु-संत एवं हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने माता सीता जन्मभूमि के विकास हेतु लगभग 882 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इस परियोजना के अंतर्गत पुनौरा धाम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। विशाल मंदिर भवन के साथ ही धर्मशाला, तीर्थयात्री आवास, सांस्कृतिक केंद्र और धार्मिक पर्यटन सुविधाएं भी इस परिसर में निर्मित की जाएंगी। यह परियोजना केवल एक मंदिर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का तीर्थस्थल बनाकर बिहार की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाएगा।




## बिहार बायोफ्यूल डायलॉग्स के मंच से नयी बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति जारी

# राज्य में हरित ऊर्जा की दिशा में नया अध्याय शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के होटल मौर्य में आयोजित 'बिहार बायोफ्यूल डायलॉग्स 2025' के मंच से राज्य सरकार ने बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन (संशोधित) नीति 2025 को औपचारिक रूप से जारी किया। उद्योग विभाग की ओर से आयोजित इस आयोजन में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, राज्य के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी, निवेशक और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। नई नीति का उद्देश्य हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना, कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) उत्पादन को प्रोत्साहित करना, किसानों की आमदनी बढ़ाना और सतत विकास को मजबूती देना है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। मंच पर उपमुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव विजय लक्ष्मी, बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेश कुमार रुंगटा, बियाडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, तकनीकी निदेशक शेखर आनंद, हस्तशिल्प एवं रेशम उद्योग निदेशालय के निदेशक यशपाल मीणा और नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा जैसे कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। हस्तशिल्प एवं रेशम उद्योग निदेशालय के निदेशक यशपाल मीणा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने नीति की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नीति सीबीजी के क्षेत्र में निवेशकों के लिए स्पष्ट दिशा और प्रोत्साहन उपलब्ध कराती है। इसके माध्यम से हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण के साथ-साथ किसानों व उद्यमियों को भी आर्थिक लाभ होगा। अपने संबोधन में उद्योग मंत्री ने कहा कि बिहार की यह नीति नवाचार और निवेश को प्रेरित करने वाली है। यह केवल ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक निर्णायक पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार जल्द ही बायोफ्यूल उत्पादन में अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। वहीं उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि बिहार जैसे राज्य कंप्रेस्ड बायो-गैस जैसे विकल्पों पर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने 'वेस्ट टू वेल्थ' यानी कचरे से संपदा की अवधारणा को जमीन पर उतारने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि नई नीति हरित विकास के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक बदलाव का आधार बनेगी। 'इंडस्ट्री स्पीक्स' सत्र में बायोफ्यूल और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े निवेशकों ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए सीबीजी इकाइयों में निवेश की इच्छा जताई। उन्होंने नीति को स्पष्ट, व्यावहारिक और भविष्य उन्मुख बताया। वर्तमान में बिहार में 12 इथेनॉल इकाइयां संचालित हो रही हैं जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 1617.5 किलोलीटर प्रतिदिन है। बियाडा द्वारा चयनित औद्योगिक क्षेत्रों में सीबीजी इकाइयों के लिए सार्वजनिक और निजी आपूर्तिकर्ताओं को 25% भूमि 30 वर्षों के लिए 75,000 प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर पर लीज पर दी जाएगी। बायोफ्यूल नीति 2025 के लागू होने के बाद बिहार में पर्यावरणीय संतुलन, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस पहल को बिहार की ऊर्जा नीति में मील का पत्थर माना जा रहा है जो राज्य को हरित और टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।



## सावन मिलन में छात्रों संग अभिभावकों ने दिखाई प्रतिभा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** द माउंट स्कूल पटना में सावन मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों और अभिभावकों ने मिलकर कई सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई जिसमें छात्रों ने नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों के लिए भी रैंप वॉक और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और अभिभावकों के साथ उनका जुड़ाव मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग में लगातार हो रही बहालियां, आशा - ममता कार्यकर्ताओं का बढ़ा उत्साह : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सोनपुर/सारण।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सोनपुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में 20 बेड वाले मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) और 70 बेड के प्रीफैब फील्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के 15 अन्य अनुमंडल अस्पतालों में भी एक साथ एमएनसीयू का उद्घाटन किया। इस पूरी परियोजना पर कुल 17 करोड़ 40 लाख रुपये का खर्च हुआ है जिसमें सोनपुर अस्पताल में ही 8.66 करोड़ रुपये की लागत से दो आधुनिक स्वास्थ्य इकाइयों का निर्माण हुआ है। राज्य में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए पिछले दो महीनों में 10 हजार नियुक्तियां की गई हैं और अगले दो महीने में 20 हजार नियुक्तियां और की जाएंगी। अगस्त महीने में ही 7000 नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। यह नियुक्तियां चिकित्सकों, नर्सों, जीएनएम, सीएचओ और पारा-मेडिकल स्टॉफ की होंगी। श्री पांडेय ने कहा कि 'स्वस्थ मां और नवजात ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति हैं।' उन्होंने बताया कि यह एमएनसीयू यूनिट 20 बेड की है और इसकी खास बात यह है कि इसमें मां और नवजात को एक साथ रखने की सुविधा उपलब्ध है जिससे बेहतर देखभाल और मातृत्व संबंधी संतोषजनक माहौल सुनिश्चित होता है। इसी सोच के साथ 'एक राष्ट्र, एक मिशन - स्वस्थ नारी, समृद्ध वतन' के संकल्प पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। 2009 में जहां सिर्फ 12 बेड के साथ वैशाली सदर अस्पताल में एसएनसीयू की शुरुआत हुई थी, वहीं आज पूरे राज्य में इसकी संख्या बढ़कर 1121 बेड तक पहुंच चुकी है। इसका सीधा लाभ यह हुआ है कि बिहार में नवजात मृत्यु दर प्रति 1000 जन्म पर 52 से घटकर अब 26 हो गया है, जो कि राष्ट्रीय औसत के बराबर है।



## आदित्य कुमार का एनटीपीसी में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी पद पर चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, दरभंगा के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के 2019-2023 बैच के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य कुमार ने संस्थान को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। वर्तमान में आइआइटी रुड़की से इंस्ट्रूमेंटेशन और सिग्नल प्रोसेसिंग में परास्नातक (एम-टेक) कर रहे आदित्य का चयन भारत की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर हुआ है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर चयनित छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही बताया कि डीसीइ दरभंगा के छात्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। आदित्य ने अपनी लगन, अनुशासन और तकनीकी दक्षता से यह उपलब्धि प्राप्त की है जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डीसीइ परिवार की ओर से हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया 'परिधान' प्रशिक्षण सिलाई केंद्र में कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी हाजीपुर स्थित 'परिधान' प्रशिक्षण सिलाई केंद्र की विद्यार्थियों के लिए सिंगर कंपनी द्वारा कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। साथ ही साथ उन सभी प्रशिक्षुओं के प्रथम बैच के प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत 5 अगस्त को परीक्षा भी आयोजित किया गया। सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला के माध्यम से सिलाई से संबंधित तरह-तरह की जानकारी एवं इसकी महत्व के बारे में बताया गया। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सिंगर कंपनी के तरफ से प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिससे वे भी आगे चल कर कुछ स्व-रोजगार के लिए लाभान्वित हो सकेंगे।



## नोट्रेडेम अकादमी में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित नोट्रे डेम अकादमी में आज कक्षा तीन की छात्राओं द्वारा एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के रक्षकों पुलिस पदाधिकारियों, महिला अधिकारियों तथा परिवहन कर्मियों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं महिला आईपीएस अधिकारी दिक्षा, अजीत कुमार (पथ परिवहन उपाधीक्षक), अनु कुमारी (उपाधीक्षक, सचिवालय), सुशील कुमार (फुलवारीशरीफ उपाधीक्षक), कृष्ण मुरारी (उपाधीक्षक, विधि एवं व्यवस्था), तथा कई परिवहन मित्र।

## एचडीएफसी बैंक ने एपीके धोखाधड़ी को लेकर जारी की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट) धोखाधड़ी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। बैंक का कहना है कि हाल के दिनों में ऐसे मामलों में तेजी आई है जहां साइबर ठग बैंक अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बनकर लोगों को फर्जी एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं। इन फाइलों के जरिए ठग उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन को नियंत्रित कर लेते हैं और बैंक खातों से अनधिकृत लेन-देन कर डालते हैं। बैंक ने बताया कि ठग केवाइसी अपडेट, ट्रैफिक चालान भुगतान या आयकर रिफंड जैसे बहाने बनाकर ग्राहकों को मैसेज या कॉल करते हैं और एक फर्जी एपीके लिंक भेजते हैं। इस लिंक पर क्लिक करते ही यूजर के फोन में मैलवेयर इंस्टॉल हो जाता है जिसकी जानकारी उसे नहीं होती। इसके बाद फोन की संवेदनशील जानकारी जैसे खाता विवरण, ओटीपी, मैसेज आदि साइबर अपराधियों के पास पहुंच जाती है और चंद मिनटों में लेन-देन कर लिए जाते हैं। एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अनजान लिंक पर क्लिक न करें, केवल अधिकृत ऐप स्टोर्स से ही ऐप डाउनलोड करें और किसी भी परिस्थिति में किसी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर कोई थर्ड पार्टी ऐप न इंस्टॉल करें। बैंक ने यह भी कहा है कि यदि किसी उपभोक्ता को इस तरह की धोखाधड़ी का संदेह हो तो तुरंत बैंक को सूचित करें। साथ ही साइबर क्राइम की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें।

## ठठेरा समाज आज भी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से है पिछड़ा : संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य ठठेरा संघ के तत्वावधान में मंगलवार को राजधानी के गर्दनीबाग में अपनी मांगों को लेकर संघ ने ठठेरा अधिकार महाधरना का आयोजन किया। इस महाधरना में पूरे राज्य से ठठेरा समाज के लोग शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने जबकि संचालन महामंत्री सत्यनारायण प्रसाद ने किया। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष शिव कुमार उर्फ पप्पू भाई, प्रदेश संगठन मंत्री भोलू कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने ठठेरा समाज की दशा दिशा और अधिकारों पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी ठठेरा समाज आज भी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा है। समाज के लोग परंपरागत रूप से पीतल, कांसा और धातु के बर्तन बनाने और उन पर नक्काशी करने का कार्य करते थे, परन्तु समाज के लोग आज भी निर्धनता के कारण गली-गली घूमकर बर्तन का फेरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करने को विवश हैं। बच्चों के हाथों में कलम और किताब होना चाहिए था, परन्तु वे ठेला चलाकर लोहा टीना का खरीद बिक्री कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आजादी के बाद से हमारे समाज का कोई भी सांसद या विधायक नहीं हुआ। यही कारण है कि ठठेरा जाति झोला ढोने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और नौकरियों में हमारे समाज की भागीदारी न के बराबर है। सभी राजनीतिक दलों और कोई सरकार ने ठठेरा जाति की ओर ध्यान नहीं ही नहीं दिया।



## रक्षा सूत्र से जुड़ा देशप्रेम और हरियाली का संकल्प

### टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में आज रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें छात्राओं ने न केवल रक्षा सूत्र बांधकर अपने प्रेम और सम्मान को प्रकट किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति का भी प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने भारतीय सेना के अधिकारी भगवान सिंह हड्डा की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें देश की सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और रक्षा का संकल्प लिया। इसके साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ियों को भी राखियां बांधकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



# नियोजन कैंप में 14 अभ्यर्थी हुए चयनित

## 30 रिक्तियों के विरूद्ध 34 अभ्यर्थी हुए थे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय सह मडल करियर सेन्टर में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने किया। उक्त कैंप में निजी कंपनी नावा भाराथ फर्टिलाइजर्स एलएलपी के प्रतिनिधि गोपाल कुमार के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 30 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 34



अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 14 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी श्री राणा ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री राणा द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जे एस ए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधान लिपिक विनय कुमार, सतीश पटेल, सामंत कुमार, रंजय सिंह देव एवं रामप्रीत उपस्थित थे।

# बक्सर-पटना फोरलेन से दो कारों से विदेशी शराब संग दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिलापदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को उत्पाद विभाग द्वारा बक्सर पटना फोरलेन के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर ओवरब्रीज के समीप बिना नम्बर प्लेट की सेंट्रो कार से 207.36 लीटर शराब पकड़ा है। दूसरी ओर गजराजगंज थाना क्षेत्र के बक्सर पटना फोरलेन के शोभी डुमरा मोड़ से मारुती सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार से 172.800 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है। कुल शराब की किमत करीब 6 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस ने दोनों वाहन से एक एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनो तस्कर पटना जिला के रहने वाले है। जिसमें खुसरुपुर थाना क्षेत्र के खुसरुपुर निवासी पुष्परंजन कुमार और शालीमारपुर थाना क्षेत्र के ग्यासपुर निवासी राकेश पासवान है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना गुप्त मिली थी कि लग्जरी कार से दो वाहनो से उतर प्रदेश से शराब का खेप पटना की ओर जा रही है। तुरत टीम का गठन कर दिया। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा व रवि कुमार के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। वाहनो से 180 एमएल के 960+1152 पीस टेट्रापैक शराब बरामद हुआ। कुल शराब 2112 पीस टेट्रापैक विदेशी शराब है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलायी जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एक नजर

### अभाविप ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जीडी कलेज इकाई के द्वारा मंगलवार को सदस्यता अभियान प्रमुख आलोक झा के नेतृत्व में चलाया गया। कलेज अध्यक्ष प्रहलाद कुमार झा एवं सदस्यता प्रमुख आलोक ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 1 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। हर बार की तरह इस बार भी हम लोगों की प्रयास है की अधिक से अधिक छात्र एवं छात्राओं को सदस्य बनाया जाए। इस बार का सदस्यता लक्ष्य जीडी कलेज इकाई का 2500 है। छात्र एवं छात्राओं परिषद की सदस्यता लेने के लिए उत्साहित हमेशा रहते हैं। क्योंकि वर्ष भर कलेज कैम्पस में विद्यार्थी परिषद के द्वारा में आई हेल्प यू काउंटर लगाकर छात्र एवं छात्राओं का मदद किया जाता है। मौके पर मौजूद नगर सह मंत्री अमन एवं कालेज सह मंत्री अभिषेक ने कहा की विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान हर एक कैम्पस में 1 तारीख से प्रारंभ हो गई है। हम छात्र-छात्राओं से अपील करना चाहते हैं कि आइए विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जुड़िए। राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग कीजिए। मौके पर मौजूद कलेज कार्यकारिणी सदस्य अनमोल, मनीष, सचिन, जूही आइसा परवीन, हरिओम, कलेज सह मंत्री राकेश, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विदेशी शराब बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने सोमवार की देर शाम छतौना से 78 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब कारोबारी बाबा बदल चौधरी स्थान के पास पुराने लैट्रीन की टंकी में काफी मात्रा में शराब छिपा कर रखे हुए है। मेरे नेतृत्व में एस आई रंजीत कुमार, अनिल कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान के साथ उक्त स्थल पर पहुँच कर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में रांयल स्टैग प्रिमियम ह्विस्की के 375 मिली के 56 कार्टून, इम्पीरियर ब्लू रिजर्व ग्रेन 375 मिली ह्विस्कीके 15 कार्टून तथा 750 मिली के 7 कार्टून कुल 703.125 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कारोबारी छतौना के रूपेश कुमार उर्फ विदेशिया, गौरव कुमार, गुलशन कुमार, धीरज मिश्र, डफरपुर पूर्वी के मनीष सिंह को नामजद किया गया है। मनीष सिंह पूर्व में भी शराब कारोबार में नामजद है। कारोबारी की गिरफ्तारी हेतु संदिग्ध ठिकाने पर छापामारी जारी है।

### दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी नावकोठी में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें 95 दिव्यांग जनों की दिव्यांगता जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया। बीआरपी समावेशी शिक्षा रौशन कुमार ने बताया कि इसमें 55 स्कूली दिव्यांग बच्चे शामिल थे। इसमें 40 अस्थि दिव्यांग, श्रवण दिव्यांग 15, .ष्टि बाधित दिव्यांग 05, मानसिक दिव्यांग 15, मूक दिव्यांग 10 तथा 10 अन्य तरह के दिव्यांग जन शामिल हैं। ट्राय साइकिल हेतु 03, ह्वील चेयर हेतु 02, श्रवण यंत्र हेतु 05 दिव्यांग जनों को चिह्नित किया गया है। शिविर में आर्थो डा गौरव कुमार, फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, फिजियोथेरेपिस्ट संजीव कुमार, सहायक आडियो लेजिस्ट दिव्या कुमारी, बीआरपी कमलेश कुमार सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र करें पूरा : डीएम

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोतिहारी स्थित गांधी संग्रहालय में चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य का जिलाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं इस कार्य को 15 अगस्त से पहले पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा गांधी संग्रहालय परिसर की साफ सफाई भी देखी गई और इस संबंध में जरूरी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त एवं सहायक समाहर्ता भी मौजूद थे।

### किसानों का प्रशिक्षण संपन्न

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के महेशवाड़ा पंचायत में मंगलवार को किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन प्रदान संस्था एवं मनरेगा के संयुक्त संयोजकत्व हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया अजय सहनी ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। मनरेगा जैसी योजनाएं केवल रोजगार सृजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें .षि क्षेत्र में उपयोग कर किसान अपनी उत्पादन क्षमता भी बढ़ा सकते हैं। प्रदान संस्था के शिवचंद्र कुमार ने जैविक खेती, मृदा परीक्षण, फसल विविधीकरण, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, जल संरक्षण तकनीक, और मनरेगा के तहत खेत तालाब, मेड़बंदी जैसे कृषि सहायक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी भी दी गई। योजनाओं से लाभ लेने हेतु आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया। किसानों ने अपने प्रश्नों के माध्यम से विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया। सुमन कुमार ने मछली पालन को लेकर चर्चा किया गया।मौके पर प्रदान संस्था से अभय कुमार ,कुंदन कुमार, चंद्रमुखी देवी, किसान सलाहकार मुकेश, नीतीश कुमार मुकेश कुमार, प्रमोद यादव, विनोद यादव, अतुल मिश्र सहित कई किसानों ने हिस्सा लिया।

### भदौर से किशोरी गायब

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही किशोरी शौच करने के दौरान खेत के रास्ते से गायब हो गई। इस संबंध में सकसोहरा थाने के निवासी परिजनों ने केस दर्ज करायी है। परिजनों का कहना है कि वृद्ध नाना और नानी की देखभाल करने के लिए किशोरी ननिहाल में रह रही थी। इस दौरान वह गायब हो गई। खोजबीन के दौरान अज्ञात मोबाइल कॉलर ने किशोरी के उसके पास होने की सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# छात्राओं को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी में मंगलवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 9 से 14 वर्ष तक की छात्राओं को एचपीवी का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम चिरैया पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. श्याम पासवान की अध्यक्षता में हुई। वहीं इस अवसर पर बीईओ सरोज कुमार सिंह, पीएचसी के चिकित्सक डॉ. रंजन कुमार, डॉ मधु कुमार श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. जियाउल हक, यूनिसेफ़ के बीएमसी भागेश्वर चौधरी, एमएंडइ नवल किशोर प्रसाद, एएनएम शिखा कुमारी, अर्चना कुमारी, आर बी एस के अफजल इकबाल, डाटा ऑपरेटर अनिल कुमार, मनीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। इस संबंध में डा. रंजन कुमार ने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से 98 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती है। एचपीवी का टीका ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका कुछ प्रकार के कैंसर और जननांगों पर मस्सों से बचाव करता है। एचपीवी एक आम वायरस है जो यौन संपर्क से फैलता है और गर्भाशय ग्रीवा, गुदा, मुख-ग्रसनी, लिंग, योनि और भग के कैंसर का कारण बन सकता है, इसके अलावा यह जननांगों पर मस्से भी पैदा कर सकता है। यह अभियान फिलहाल सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालयों में चलायी जा रही है। टीकाकरण के माध्यम से 9 वर्ष से 14 वर्ष के स्कूली छात्राओं को वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए प्रतिरक्षित किया जा रहा है।

# मतदाता इस बार नेताओं का नहीं, अपने बच्चों का चेहरा देखकर करें मतदान : प्रशांत किशोर

**जनसुराज की सभा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को कोटवा उच्च विद्यालय के प्रांगण में जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था और नेताओं पर तीखा हमला बोला। यह जनसभा उनकी बहुचर्चित 'बिहार बदलाव यात्रा' का हिस्सा थी, जिसके माध्यम से वे राज्य भर में जनता से संवाद कर रहे हैं। सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक जुटे थे। मंच से बोलते हुए किशोर ने कहा, आपने मोदी का चेहरा देखकर चायवाले को प्रधानमंत्री बना दिया, लालू का चेहरा देखकर भैंस चराने वाले को 30 सालों तक राजा बनाए रखा और नीतीश के नाम पर एक वैद्य के बेटे को दो दशक से सत्ता सौंप दी। लेकिन कभी आपने अपने बच्चों के भविष्य को देखकर वोट नहीं दिया। नतीजा यह है कि आज आपके बच्चे गुजरात और पंजाब की फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि वोट किसी नेता के चेहरे के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर किया जाए। इस बार अपने बच्चों का चेहरा देखिए और तय कीजिए कि किसे वोट देना है, उन्होंने दोहराया। प्रशांत किशोर ने पूर्वी चंपारण की जनता से कई बड़े वादे भी किए। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो छठ पूजा के बाद बिहार के 50 लाख युवाओं को उनके घर के पास ही 10-12 हजार रुपये मासिक की नौकरी या रोजगार दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 60 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को दिसंबर 2025 से हर महीने 2000 रुपये पेंशन देने का वादा किया। शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने गंभीर चिंता जताई और कहा कि जब तक सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं हो जाता, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाया जाएगा और उनकी फीस सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता को भावनाओं से नहीं, हकीकत से जुड़कर वोट करना होगा। उन्होंने लालू, नीतीश और मोदी पर नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि इन नेताओं ने बिहार को सिर्फ ठगा है। ळअब जनता का राज आएगा, और हर बच्चे को भविष्य मिलेगा। सभा के अंत में प्रशांत किशोर ने लोगों से अपील की कि वे इस बार अपने वोट को गंभीरता से लें और सोच-समझकर एक नए बिहार की नींव रखें, जिसमें हर युवा को रोजगार और हर बच्चे को शिक्षा मिले। इस जनसभा को जिले में आगामी चुनावों की दृष्टि से अहम माना जा रहा है, जहां प्रशांत किशोर की बढ़ती सक्रियता ने सियासी हलचल तेज कर दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केबी सिंह ने किया। सभा को संबोधित करने वाले में कल्याणपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार डॉ॰ मंतोष साहनी, जिला अध्यक्ष राधेश्याम यादव, रामशरण यादव, विनय सहनी, ललन यादव थे। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकता सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# डीएओ ने उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** मोतिहारी जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा चकिया प्रखंड में अवस्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पीपरा बाजार में अवस्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों द्वारा बताया गया कि थोक उर्वरक विक्रेता के स्तर से यूरिया के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग कर बेचा जा रहा है। उक्त के संबंध में थोक उर्वरक विक्रेता, मे. श्रीराम ट्रेडर्स, प्रखंड चकिया से पृच्छा करते हुए उनके थोक उर्वरक अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक, यारा फर्टिलाईजर्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड से इस संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक के जीरो टॉलरेंस नीति का सख्ती से पालन किया जा रहा है तथा किसी भी स्तर से अगर कालाबजारी एवं निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि प्रत्येक प्रखंडों में निर्धारित दर पर यूरिया का वितरण पदाधिकारियों / कर्मियों के देख -रेख में किया जा रहा है।

# भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलवार को मधरापुर पंचायत में एक महत्वपूर्ण पंचायत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला दिन के 2:00 बजे से प्रारंभ हुई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने की। कार्यशाला में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करने की दिशा में विशेष रूप से चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बूथ सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर 5 से 10 बाइक टोली के गठन की आवश्यकता बताई, जो विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लाभार्थियों से संपर्क करेंगे और छोटे-छोटे सम्मेलन आयोजित



करेंगे। साथ ही प्रत्येक बूथ टोली के कार्यकर्ताओं को 5 से 10 परिवारों की वोटिंग सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। कार्यशाला में यह भी तय किया गया कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बुधवार को सुनने की योजना पंचायत स्तर पर बनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी जैसे विशेष पर्वों पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजन की रणनीति पर भी चर्चा हुई।मंडल अध्यक्ष ने आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती को भव्य रूप से मनाने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, दीवार लेखन, कमल चिन्ह के साथ नारे लेखन, एनडीए कार्यकर्ताओं से संपर्क एवं संवाद, और बीजेपी में 10 से 20 नए कार्यकर्ताओं की भर्ती जैसे कार्यों पर भी विशेष जोर दिया गया।कार्यशाला में आगामी 15 अगस्त को पंचायत स्तर पर ध्वजारोहण, 10 से 14 अगस्त के बीच बाइक रैली, और 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। इसके साथ ही घर-घर संपर्क अभियान और बीजेपी सोशल मीडिया टीम को भी सक्रिय करने की बात कही गई। प्रत्येक बूथ और पंचायत का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी कार्यकर्ताओं को जोड़ने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के शिवाजीनगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, मंडल मंत्री धर्मेंद्र सिंह, कुमार प्रभाकर ठाकुर सिंह, मंडल महामंत्री नीलमणि पासवान, मनीष सिंह, जितेंद्र, सोनू सिंह, राजा रजक, डमी पासवान, अमन मंडल, मोहन पासवान, आशु सोनी, गौरव पासवान समेत सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे एवं कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत और बूथ स्तर पर पार्टी को अधिक सक्रिय, संगठित और चुनाव के लिए तैयार करना रहा। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर संकल्प लिया कि पार्टी की नीतियों और योजनाओं को आम जन तक पहुंचाकर भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

## सिनेमा हॉल ऑपरेटर से लूटपाट

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के मेन रोड में सुलेमान दरगाह के पास सविता सिनेमा हाल के ऑपरेटर विनोद कुमार पर बदमाशों ने हमला कर वेतन के मिले 3500 रुपए लूट लिये। विरोध करने पर मारपीट भी की और कपड़े फाड़ दिए। ऑपरेटर ने बताया कि वह सिनेमा हॉल से काम खत्म कर ई रिक्शा से कचहरी स्थित अपने आवास जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए विकास नगर निवासी बदमाशों ने उसे घेर लिया और मारपीट करते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस बाबत थाने में लिखित सूचना दी गई थी। लेकिन पुलिस ने तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को दोबारा लिखित अर्जी पुलिस को दी गई है।

# श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के प्रयास से समाप्त हुआ पूर्व विधायक का आमरण अनशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** ज़िले के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नैनीजोर गांव में विगत 9 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे पूर्व विधायक स्वामीनाथ तिवारी का अनशन, बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के आग्रह पर आज समाप्त हो गया। यह अनशन जनहित से जुड़ी विभिन्न स्थानीय समस्याओं और विकासात्मक मांगों को लेकर किया गया था, जिनकी गूंज लगातार राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों तक पहुँच रही थी। अनशन को समाप्त कराने के लिए बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह स्वयं नैनीजोर पहुंचे और श्री तिवारी से सीधे संवाद किया। उनके साथ एक शिष्टमंडल भी अनशन स्थल पर



पहुँचा, जिसमें बक्सर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन, पूर्व विधायक संजय टाइगर, कौशल विद्यार्थी सहित कई गणमान्यजन शामिल थे। मंत्री ने श्री तिवारी द्वारा उठाए गए सभी उचित और जनहित से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और हर नागरिक की आवाज़ को सुना जाएगा। मंत्री के आश्वासन और शिष्टमंडल के प्रयासों से श्री तिवारी जी ने अपना आमरण अनशन समाप्त किया। विदित हो कि मंत्री संतोष कुमार सिंह की सक्रिय भूमिका ने एक गंभीर जन आंदोलन को समाधान की दिशा में परिवर्तित किया, जो सरकार की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण है।

## अनुमंडल अस्पताल में सिजेरियन के जरिए हुआ प्रसव

**बाढ़।** बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में सिजेरियन के जरिए मनकौरा गांव निवासी महिला का प्रसव कराया गया। इस दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेही प्रियदर्शी और निश्चेतक डॉक्टर चंदन कुमार की टीम ने ऑपरेशन किया। इस दौरान अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर विनय चौधरी भी मौजूद रहे। अनुमंडल अस्पताल में लगातार जटिल प्रसव को कराने के लिए सिजेरियन प्रसव कराने की व्यवस्था से स्थानीय लोगों को फायदा हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ बंध्याकरण ऑपरेशन भी कराया गया।

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का 53वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** यह दौर अनुसंधानात्मक शिक्षण का है, ऐसे में शोध पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक दृष्टि से सशक्त और सुदृढ़ बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम है। अतएव गुरु-शिष्य परंपरा, पर्यवेक्षक-शोधार्थी के बीच समर्पित और एकनिष्ठ संबंध स्थापित करना विश्वविद्यालय की ज़िम्मेदारी है। उक्त बातें बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग, पटना के अध्यक्ष प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने कहीं। बतौर मुख्य अतिथि प्रो चौधरी मंगलवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के 53वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल वर्ल्ड में शिक्षा के बदलते संरचनात्मक स्वरूप को आत्मसात करते हुए शिक्षकों को सीखने की आवश्यकता है। राज्य भर के परंपरागत विश्वविद्यालयों में शिक्षकों




की कमी को बहुत हद तक दूर किया गया है। जो भी शेष है वह भी जल्द वेकेंसी निकाल भरा जाएगा। उच्च शिक्षण संस्थान होने के कारण गुणवत्तापूर्ण शोध और प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने का प्रयास करना होगा। हमें प्रत्येक शिक्षक की विशेषता और स्किल्स का समुचित उपयोग कर विश्वविद्यालय के संवर्द्धन में प्रयासरत होना होगा। सर्वप्रथम, स्वर्गीय बाबू ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रभारी कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास को स्मरण करते हुए वर्तमान में विश्वविद्यालय के मेरु अंतर्गत 'शोध विश्वविद्यालय' तक की सर्जनात्मक यात्रा पर प्रकाश डाला। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने अपने गंभीर बौद्धिक में विद्या ददाति विनयम का सूत्र विश्लेषित करते हुए शिक्षा को मानवीय संवेदनाओं का केंद्र मानते हुए मानुषी गुणों के सत्यम शिवम सुंदरम भाव के प्रकटीकरण का भी साध्य स्वीकारा। दूसरे आमंत्रित विशिष्ट अतिथि लनामिवि के पूर्व छात्र और स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफ़ेसर एवं भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के वर्तमान कुलपति प्रो बिमलेंदु शेखर झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो हरे कृष्ण सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो शाहिद हसन, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो मंजू राय, संगीत एवं नाट्य संकायाध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण और शिक्षा शास्त्र संकायाध्यक्ष प्रो शशि भूषण ने भी अपने वक्तव्य दिए। भारतीय सनातनी संस्कृति के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत के पश्चात कार्यक्रम के आरंभिक सत्र का संचालन दर्शन शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ प्रियंका राय ने किया।

# शव ले जा रही एम्बुलेंस ट्रक से टकरायी, अटेंडेंट की मौत

## तीन अन्य गंभीर, रांची से बेतिया जा रही थी एम्बुलेंस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। ईरबा से बेतिया शव लेकर जा रही एक एबुलेंस की जोरदार टक्कर एनएच-33 पर भारत माता चौक के समीप बायपास में हो गई। हादसा इतना दर्दनाक और भयानक था कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। घटना ओवरटेक करने के चक्कर में खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण हुई। इस घटना में शव के साथ जा रहे अटेंडेंट सदरे आलम (55 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एंबुलेंस चालक समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए।

घायलों को स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से मेडिकल अस्पताल से ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, रांची के इरबा से बेतिया (बिहार) के लिए एक एंबुलेंस से 50 वर्षीय शाहिद अंसारी का शव ले जाया जा रहा था।

एंबुलेंस में मृतक के परिजन सदरे आलम, मो. जमरूद्दीन, गुड्डू और चालक सवार थे। रात करीब



12 बजे भारत माता चौक के समीप एनएच-33 पर एक खड़े ट्रक में पीछे से एंबुलेंस की तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सदरे आलम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया।

मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा और घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उपचार के बाद तीनों घायलों को बिहार रवाना कर दिया गया।

थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि प्रारंभिक बयान में अज्ञात वाहन से टक्कर की बात कही गई थी, लेकिन मौके की स्थिति से प्रतीत होता है कि ओवरटेक के प्रयास में एंबुलेंस खड़े ट्रक से टकराई है।मामले की जांच की जा रही है।

इधर, हादसे की सूचना मिलते ही मृतक सदरे आलम का भतीजा शाहबुद्दीन हजारीबाग पहुंचा। बताया कि वे अपने चाचा के शव को अंतिम संस्कार के लिए बेतिया ले जा रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश इस यात्रा में एक और जीवन खत्म हो गया।

## सेल के स्टील से मजबूत हुई सेना

**बोकारो**। आत्मनिर्भर भारत के नए युग में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत की प्रमुख इस्पात उत्पादक कंपनी सेल ने हाल ही में भारतीय नौसेना के दो प्रमुख पोत, आईएनएस अजय और आईएनएस निस्तार, के लिए विशेष ग्रेड के स्टील की आपूर्ति की है। यह आपूर्ति देश के रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। आईएनएस अजय, जिसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने तैयार किया है, एक अत्याधुनिक एंटी-सबमरीन युद्धपोत है। सेल ने इसके निर्माण के लिए पूरी मात्रा में डीएमआर ग्रेड की स्टील प्लेट्स दी हैं, जो इसकी संरचनात्मक मजबूती और स्टील्थ तकनीक को सुनिश्चित करती हैं। इसी तरह, आईएनएस निस्तार, जिसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने हाल ही में कमीशन किया है, भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल है। इसमें भी विशेष ग्रेड का स्टील सेल द्वारा ही उपलब्ध कराया गया है।

# फिर दोहरायी जा रही 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' कहानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' फिल्म की कहानी असल जिंदगी में फिर से दोहराई जा रही है। धनबाद के वासेपुर में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां रंगदारी नहीं देने पर एक फल विक्रेता पर जानलेवा हमला हुआ है, वहीं दूसरी तरफ वासेपुर का ही एक कुख्यात मोबाइल चोर रंगे हाथ पकड़ा गया है।

सोमवार देर रात आरा मोड़ स्थित फल विक्रेता वसीम के भाई मोहम्मद जसीम पर जुम्मन कुरैशी और मोंटी कुरैशी ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जसीम को हाथ, गर्दन और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वसीम के अनुसार, हमलावर पिछले कुछ दिनों से रंगदारी मांग रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने भूली थाने में शिकायत दर्ज करा दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।ये घटनाएं वासेपुर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय कारोबारी और आम लोग इन अपराधियों से तंग आ चुके हैं। हमलावर जुम्मन और मोंटी कुरैशी के पिता कलाम कुरैशी पर भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये अपराधी बेखौफ होकर घूमते हैं और रंगदारी, धमकी और मारपीट जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।

वासेपुर के कारोबारी इस तरह की घटनाओं से बुरी तरह डरे हुए हैं। उनका कहना है कि आए दिन होने वाली रंगदारी और मारपीट की घटनाओं ने जीना मुश्किल कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई से भी उन्हें कोई खास राहत नहीं मिलती, क्योंकि अपराधी अक्सर जमानत पर बाहर आ जाते हैं और फिर से अपनी हरकतों को अंजाम देने लगते हैं। इस घटना के बाद इलाके के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल है।

इस इलाके में छोटे-बड़े, हर तरह के अपराध खुलेआम हो रहे हैं। पुलिस को इन अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि वासेपुर में फिर से अमन-चैन स्थापित हो सके। बैंक मोड़ थाना और भूली थाना की पुलिस जांच में जुटी है। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

वासेपुर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के बीच एक और घटना ने पुलिस को सतर्क कर दिया है। धनबाद रेलवे स्टेशन पर मुंबई मेल से एक महिला यात्री का मोबाइल चुराकर भाग रहे वासेपुर के रहने वाले मोहम्मद छोटू उर्फ लंगड़ा को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। छानबीन में पाया गया कि चुराया गया मोबाइल पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर की महिला वर्षा खातून का है। आरपीएफ ने मोबाइल चोर को रेल पुलिस को सौंप दिया।

# सजा में मैडम ने लिखवायीं 15-20 पन्ने में गालियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। शिक्षक बच्चों को उनकी गलतियों के लिए सजा देते हैं। आपने डंडे से पीटने, कान पकड़कर खड़ा करने और मुर्गे की तरह खड़ा करने जैसी सजाओं के बारे में सुना होगा। लेकिन शहर के सेंट मैरी चर्च स्कूल की दो महिला शिक्षकों ने मामूली झगड़े पर चौथी कक्षा के एक बच्चे को अजीबोगरीब सजा दे दी। उससे 15-20 पन्ने की अश्लील गालियां लिखवाई गईं। साथ ही उसे गालियां लिखकर लाने का होमवर्क भी दिया गया। घटना को लेकर उसकी मां ने स्कूल प्रबंधन से शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि उन्हें छुट्टियों के बाद अभिभावकों से मामले की जानकारी मिली। स्कूल प्रबंधन समिति को सूचित किया गया, जिस पर दोनों महिला शिक्षकों को तुरंत हटाने का आदेश दिया गया।

प्रिंसिपल ने कहा कि बच्चे की गाली देने की आदत सुधारने के लिए उसे बार-बार गालियां लिखवाई गईं। लेकिन सजा का यह तरीका बिल्कुल गलत है। उन्होंने इस मामले में बच्चे के अभिभावकों से माफी मांगी। बच्चे की मां ने कहा, उन्होंने उसे गालियां लिखने का होमवर्क दिया था।

कुसुम विहार में रहने वाली बच्चे की माँ ने बताया कि सोमवार सुबह वह बच्चे को स्कूल छोड़कर गई थी। जब वह उसे लेने गई तो बच्चा डरा हुआ था। उसने बताया कि किसी बच्चे ने उसकी पीठ पर 'पागल' लिखकर उस पर एक कागज फेंक दिया था। जब उसने शिकायत की, तो टीचर ने कहा कि यह तो तुम्हारी रोज की आदत है। बाद में किसी ने टीचर से उसके गाली-गलौज करने की शिकायत की। उसने टीचर से कहा कि उसने गाली नहीं दी, अगर वह चाहे तो सीसीटीवी देख सकती है। बच्चे ने रोते हुए अपनी कॉपी माँ को दिखाई। कॉपी देखकर उसकी मां दंग रह गई।

# जनता के चेहेते नेता थे दिशोम गुरु

## सिर्फ मंच पर खड़े होते ही बदल जाती थी राजनीतिक हवाएं


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घाटशिला**। राजनीतिक जीवन में नेता कई बनते हैं, लेकिन जननायक कुछ ही बन पाते हैं। ऐसे ही एक शख्स थे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह दिशोम गुरु शिबू सोरेन।

जनता का वह नेता जिसके सिर्फ मंच पर खड़े होते ही राजनीतिक हवाएं बदल जाती है। जब शिबू अपने संघर्षों के दौर में थे तो उनके भाषणों का गर्जन जनता को प्रभावित करता था।

अब जब वे वयोवृद्ध अवस्था में पहुंच गए थे तब भी उनके मात्र मंच पर चढ़ते ही लोग प्रभावित हो जाते। युवा से लेकर वयोवृद्ध अवस्था तक शिबू जनता के बीच लोकप्रिय रहे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके मंच पर मात्र खड़े होते ही जनता को शिबू का संदेश मिल जाता था।

हाल के वर्षों में हुए चुनावी सभाओं में वयोवृद्ध अवस्था के कारण बहुत



ज्यादा भाषणों से लोगों को समझा तो नहीं पाते थे, लेकिन उनके चुनाव प्रचार मंच पर आते ही जनता के बीच उनके महज कुछ शब्द ही उनका पूरा संदेश बन जाता था।

जनजातीय समाज के बीच मजबूत पकड़ ही नहीं, बल्कि उनके दिलों में शिबू सोरेन ने राज किया। तभी तो झामुमो में तमाम लीडर होने के बाद भी शिबू सोरेन की जरूरत हमेशा महसूस होती रही।

शिबू सोरेन ही वह सख्श थे, जिन्हें राजनीतिक हवाओं का रूख बदलने का हुनर आता था। शिबू सोरेन ने बेहतर झारखंड बनाने का सपना देखा था। ऐसे में वयोवृद्ध अवस्था में भी शिबू सोरेन सक्रिय व जनता के बीच जरूर रहे। चार अगस्त को जब उन्होंने अंतिम सांस ली तो झारखंड की राजनीति व जनता के बीच में अमर हो गए।

इधर दूसरी ओर झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डा. इरफान अंसारी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक आंदोलनकारी, एक जननायक और करोड़ों आदिवासियों के अधिकारों की आवाज रहे हैं।

उनका जीवन जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को समर्पित रहा है।

उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित कर उनके हक और हुकूक की रक्षा की और झारखंड राज्य के गठन में निर्णायक भूमिका निभाई। शिबू सोरेन के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए डॉ. अंसारी ने कहा कि झारखंड आंदोलन के स्तंभ गुरुजी ने वर्षों तक संघर्ष कर झारखंड राज्य की मांग को देशव्यापी मुद्दा बनाया और अलग राज्य की नींव रखी।

डॉ अंसारी ने कहा कि शिबू सोरेन ने संसाधनों पर आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और जल-जंगल-जमीन की रक्षा को अपना जीवन मिशन बनाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक के रूप में उन्होंने सामाजिक न्याय, समता और स्वाभिमान की राजनीति को दिशा दी।

# चेक बाउंस मामले में अभिनेता को एक साल का कारावास


## फिल्म बनाने के लिए ली थी राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। न्यायिक दंडाधिकारी दिव्या राघव की अदालत ने बालीवुड अभिनेता रांझा विक्रम सिंह को चेक बाउंस मामले में दोषी करार देते हुए एक साल कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने उनको चेक बाउंस की राशि एक करोड़ एवं जुर्माने की राशि के साथ 1.20 करोड़ शिकायतकर्ता निलोय कुमार झा को भुगतान करने का आदेश दिया है।

सुनवाई के दौरान आरोपित अभिनेता अदालत में व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने अदालत में पक्ष रखा था। सजायाफ्ता अभिनेता को अदालत ने अपील करने के लिए 30 दिनों की औपबंधिक जमानत की सुविधा प्रदान की है। विक्रम सिंह के खिलाफ दुर्गा डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक निलोय कुमार



झा ने एक करोड़ के चेक बाउंस को लेकर सात जून 2021 को मुकदमा किया था।

रांझा विक्रम सिंह ने बालीवुड फिल्म फौजी कालिंग बनाने के नाम पर मोटी रकम ली थी। पैसों का लेन-देन पांच मार्च 2019 में हुआ था। पैसे मांगने पर रांझा विक्रम सिंह ने शिकायतकर्ता को एक करोड़ रुपये का चेक दिया जो बाउंस हो गया था। मामले को लेकर दोनों के बीच सुलह को लेकर पिछले दिनों मध्यस्थता कराने की कोशिश की गई थी। जो सफल नहीं हो सकी थी।

# तुलबुल में घुसा बाघ, लोगों में दहशत

## वनकर्मी लोकेशन ट्रेस करने में जुटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोमिया**। जिले के गोमिया प्रखंड के तुलबुल में धान के खेतों के आस-पास एक बाघ देखे जाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद स्थानीय लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के वनरक्षी अजीत कुमार व विकास कुमार ने बाघ के पैरों के निशान की मापी ली।

प्रत्यक्षदर्शी राजमिस्त्री मनोज प्रजापति ने बताया कि धनरोपनी चल रहा है। वह अपना खेत गए थे। उन्होंने देखा कि एक बाघ थोड़ी दूर में खेतों की मेड़ से गुजर रहा है। डर के मारे वह चुपचाप झाड़ियों की ओट में छुप गया और उसका वीडियो बनाया।

जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों व वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीण किसान राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि अभी धनरोपनी चल रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं का धान रोपने के लिए आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में बाघ का पूरा भय बन गया है।

ग्रामीणों ने विभाग से मामले को लेकर पहल करने की मांग की है। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा जहां उक्त बाघ को देखा गया है, उससे महज 50 मीटर की दूरी पर उत्कृष्ट आश्रम आवासीय विद्यालय है, जहां सैकड़ों बच्चे पढ़ते हैं।



वहां से करीब 500 मीटर की दूरी पर पंचायत सचिवालय तुलबुल व साप्ताहिक हाट है, जहां भीड़ लगती है। वनरक्षी अजीत कुमार ने बताया कि जिसे ग्रामीणों द्वारा बाघ कहा जा रहा है, लेकिन पैरों के निशान के अनुसार यह एक तेंदुआ भी हो सकता है।

सुरक्षा के लिहाज से स्थानीय आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल के प्राचार्य को बच्चों कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से सूचित किया गया है। ग्रामीणों को भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं खेत की मेड़ पार कर रहा बाघ का एक कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

इधर, आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल की प्राचार्य मीनू मुर्मू ने कहा है कि सुरक्षा के लिहाज से स्कूली बच्चों को अनावश्यक बाहर निकलना प्रतिबंधित किया गया है। तेनुघाट वनक्षेत्र पदाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि वनरक्षियों की टीम मौके पर गई थी, आमजन को सतर्क रहने कि हिदायत दी गई है। वनकर्मी चिन्हित निशान के आधार पर लोकेशन ट्रेस करने में जुटे हुए हैं।

# पंचायती राज सचिव को लगा कोर्ट से झटका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में अदालत के आदेश के बाद भी पेसा नियमावली लागू नहीं किए जाने को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव से पूछा कि कोर्ट के आदेश का पालन करने में इतनी देरी क्यों हो रही है। अदालत ने सचिव से अगली सुनवाई तक ऐसा नहीं करने पर स्पष्टीकरण कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

मामले में अगली सुनवाई छह सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान पंचायती राज विभाग के सचिव कोर्ट में उपस्थित हुए थे। हाई कोर्ट ने जुलाई 2024 में ही कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए सरकार को दो माह में नियमावली बना कर पेसा एक्ट लागू करने का निर्देश दिया था।

लेकिन सरकार ने अब तक इसका पालन नहीं किया है। इसको लेकर आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा। अदालत को बताया गया कि राज्य को बने 25 साल होने जा रहे हैं।

आदिवासियों के हितों और उनके उत्थान के लिए राज्य का गठन किया गया था, लेकिन अब तक सरकार पेसा एक्ट की नियमावली नहीं बना सकी। जैसे- तैसे राज्य में काम हो रहा है। जबकि पेसा एक्ट 1996 में ही बना था।

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि नियमावली लागू करने की प्रक्रिया जारी है। इसपर काम हो रहा है। राज्य में पंचायती राज अधिनियम और दूसरे एक्ट के माध्यम से पेसा एक्ट के प्रविधानों को लागू किया गया है। संविधान में मिले अधिकारों के तहत ही राज्य राज्य सरकार ने ऐसा किया है।

# साइबर ठगों को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर** । जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय को रविवार को गुप्त सूचना मिली कि कोवाली के खराईघुटू जंगल में पांच-छह लड़कों द्वारा टेलीग्राम एवं व्हाट्सअप से गूगल रिव्यू, गेम रेटिंग कराने के नाम पर साइबर ठगी का काम काफी दिनों से किया जा रहा है।

एसएसपी के निर्देश पर मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। यह टीम अन्य पुलिस पदाधिकारियों व जवानों के साथ खराईघुटू जंगल में छापेमारी की।

छापेमारी में छह लड़कों को पकड़ लिया गया। वहीं जादूगोड़ा पुलिस ने राखामाइंस स्टेशन से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से आईफोन समेत 9 मोबाइल बरामद किया। पूछताछ करने पर कई सनसनीखेज जानकारी साइबर अपराधियों ने दी।

पुलिस ने बताया कि मोबाइल चेक करने के बाद पाया गया कि अनेकों बैंक अकाउंट को टेलीग्राम व व्हाट्सअप के माध्यम से गूगल रिव्यू रेटिंग एवं टास्क कंपलीट कराने के नाम पर देश के विभिन्न भागों से साइबर ठगी का काम किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि ये लोग काफी दिनों से ठगी का काम कर रहे थे और अब तक 15 लाख रुपये की लेनदेन की बात सामने आई है।



सभी आरोपित के खिलाफ कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के बयान पर मामला दर्ज कराया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

डीएसपी ने बताया कि आरोपित टेलीग्राम आइडी से इनलोगों के अकाउंट, वालेट में में पैसा आता है, उसके बाद ग्रुप एडमिन द्वारा अकाउंट, वालेट, यूपीआई का आईडी दी जाती है। इसके बाद आरोपित द्वारा अपना कमीशन का 10 प्रतिशत अपने पास व बाकी 90 प्रतिशत हिस्सा एडमिन के खाते में भेज दिया जाता है।

जांच में पता चला कि देश के कई भागों में इनलोगों के खिलाफ आनलाइन कंपलेट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपित का खाता को फ्रीज कर दिया गया है।

# एमजीएमएम में जांच के नाम पर फर्जीवाड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर** । महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कालेज अस्पताल में सोमवार को एक बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया।

अस्पताल के नए भवन स्थित 134 नंबर रूम में बिना किसी अधिकृत अनुमति के एक युवक मरीजों की यूरोफ्लोमेट्री और रक्त जांच कर रहा था। अधीक्षक डा. आरके मंधान ने खुद उसे रंगेहाथ पकड़ा।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोबिन बताया और खुलासा किया कि एक नर्स ने उसे रूम की चाबी दी थी। वह पिछले कई दिनों से पुराने अस्पताल भवन में मेडिसिन विभाग के पास भी बैठता था ।

वहीं यूरोफ्लोमेट्री जांच करता था। अब वह नए अस्पताल के 134 नंबर रूम में आकर मरीजों की निश्शुल्क जांच करने लगा था। उसने बताया कि एक अन्य युवक भी आता था, जो खुद को "थायरोकेयर" से जुड़ा बताता था और मरीजों का ब्लड सैंपल ले जाता था। जांच के नाम पर मरीजों से पैसे भी वसूलता था।

सोमवार को एक मरीज के स्वजनों ने अधीक्षक से शिकायत की कि उक्त युवक ने 300 रुपये लेकर ब्लड सैंपल लिया, लेकिन रिपोर्ट नहीं दी।

जब बात विधायक सरयू राय तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल अस्पताल प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच करने को कहा। इसके बाद अधीक्षक ने 134 नंबर रूम में छापेमारी की तो पूरा मामला सामने आया।

इस पूरे मामले में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर युवक को रूम की चाबी किसने दी?

उसे अस्पताल में कौन आने देता था और कब से वह जांच का काम कर रहा था? सीएस ने आशंका जताई है कि कुछ डाक्टर, नर्स या अन्य कर्मचारियों की इसमें मिलीभगत हो सकती है।

# नवविवाहिता ने प्रेमी के साथ मिलकर करायी पति की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पलामू** । अभी तो हाथ में लगी मेहंदी के रंग भी नहीं उतरे थे। प्रेमी के इश्क में डूबी मुस्कान ने शादी के महज 40 दिनों में ही पति को बुलाकर उसकी हत्या कर दी। पलामू जिला के नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा घाटी में प्रेमी के साथ मिलकर पति की निर्मम हत्या करने की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसकी नवविवाहिता पत्नी मुस्कान खातून ने ही अपने प्रेमी समीर शाह के साथ मिलकर की। इस घटना ने न केवल एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि समाज में वैवाहिक रिश्तों पर भी गहरा सवाल खड़ा कर दिया है।

मुस्कान खातून ने जेल भेजे जाने से पहले पुलिस को दिए बयान में स्वीकार किया है कि उसका प्रेम संबंध गांव के ही समीर शाह से एक साल से चल रहा था। दोनों की पहली मुलाकात टेन प्लस टू उच्च विद्यालय, नावा बाजार में पढ़ाई के दौरान हुई थी।

धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदली। दोनों में नाजायज संबंध भी बने और उन्होंने शादी करने की योजना भी बनाई थी। लेकिन समाज में शेख और शाह जाति के बीच विवाह को लेकर स्वीकार्यता नहीं बनी। परिजनों ने मुस्कान की शादी महज 40 दिन पहले सरफराज खान से करा दी। मुस्कान को यह रिश्ता पसंद नहीं था।शादी के बाद मुस्कान ससुराल नहीं रहकर मायके ही रहती थी। जहां उसका प्रेमी से मिलना बदस्तूर जारी था।

हत्या के पीछे की साजिश भी चौंकाने वाली है। मुस्कान ने अपने प्रेमी समीर शाह के साथ मिलकर अपने पति सरफराज खान की हत्या की योजना बनाई। हत्या के बाद शव को कंडा घाटी में फेंक दिया गया।

इस प्रेम प्रसंग की शुरूआत जिस टेन प्लस टू उच्च विद्यालय, नावा बाजार से हुई, वह अब समाज में चर्चा का केंद्र बन गया है। विद्यालय एकांत और सुनसान क्षेत्र में स्थित है, जिससे छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अब अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की भौगोलिक स्थिति बेटियों की शिक्षा में बाधा बन रही है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अक्सर डाली स्थित जैविक उद्यान में भी घूमते देखा गया है, जो अनुशासनहीनता और सामाजिक असहजता को बढ़ावा दे रहा है।

गांव वालों का कहना है कि इस घटना का असर नावा बाजार क्षेत्र की बेटियों की शादी पर भी पड़ेगा। मुस्कान की करतूत से कई परिवारों की तय शादियां टूट गई हैं। कुछ मामलों में बारात लौट गई तो कुछ में रिश्ते ही रद कर दिए गए। समाज में एक भय और अविश्वास की स्थिति बन गई है, जिससे लड़कियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

नवविवाहित मुस्कान खातून ने नावा बाजार थाना में जेल जाने से पहले जुर्म कबूल करते हुए कहा कि गांव के ही आधा किलोमीटर दूरी पर समीर शाह पिता तहसील शाह के साथ एक वर्ष पूर्व में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय नावा बाजार में पढ़ने के क्रम में पहली मुलाकात हुई थी। हम दोनों के बीचकी दोस्ती शादी करने तक पहुंच गई थी। लेकिन परिजन शेख एवं शाह जाति में सामाजिक दूरियों के कारण इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। फिर मेरी शादी सरफराज खान के साथ 40 दिन पूर्व कर दी गई, जो मुझे नहीं भाता था।

# लंबी दूरी की कई ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर**। दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 6 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर सब दिनों के लिए चलाने की घोषणा कर दी है। ताकि इन लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल सके और यात्रियों का सफर आरामदायक हो। इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे के डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर श्रीनिवास सामंत ने अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर से चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18103 टाटानगर-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस में एक सेकंड एसी कोच को हटा कर उसके जगह एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगा कर चलाया जाएगा।

जबकि 3 अक्टूबर से अमृतसर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18104 अमृतसर-टाटानगर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस में एक सेकंड एसी कोच को हटा कर उसके जगह एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगा कर चलाया जाएगा। वहीं, 3 अक्टूबर से टाटानगर से रवाना होने वाली 12889 टाटानगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस में एक सेकंड एसी कोच को हटा कर उसके जगह एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगा कर चलाया जाएगा।06 अक्टूबर से सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरु से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12890 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरु-टाटानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में एक सेकंड एसी कोच को हटा कर उसके जगह एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगा कर चलाया जाएगा। 2 अक्टूबर से टाटानगर से खुलने वाली ट्रेन नंबर 18111 टाटानगर-यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस में एक सेकंड एसी कोच, एक थर्ड एसी कोच और एक स्लीपर कोच को हटा कर उसकी जगह दो थर्ड एसी इकॉनोमी कोच और एक 1 पेंट्रीकार कोच जोड़ा जायेगा।

C M Y K

# 'मुझे जस्सी भाई और खुद पर विश्वास है'

## ओवल में इंग्लैंड पर जीत के बाद मोहम्मद सिराज हुए भावुक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह जगजाहिर है कि मोहम्मद सिराज के लिए जसप्रीत बुमराह प्रेरणा स्रोत रहे हैं। हैदराबाद के इस गेंदबाज ने स्वीकार किया कि लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद उन्हें अपने गौरवशाली क्षणों में सीनियर साथी तेज गेंदबाज की कमी खल रही थी। मोहम्मद सिराज ने ओवल में पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने सोमवार को रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2–2 से बराबर की। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेकर न केवल 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, बल्कि अपने प्रशंसकों से भी खूब प्रशंसा बटोरी।

### मुझे जस्सी भाई की याद आती है: सिराज

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में भावुक सिराज ने कहा, 'हर बल्लेबाज, हर गेंदबाज (जिसने टेस्ट खेला), उसे मैं सलाम करता हूं। जिस तरह से हमने वापसी की वह शानदार थी। मुझे जस्सी (बुमराह) भाई की याद आती है, क्योंकि अगर वह यहां होते तो यह और खास होता। मुझे जस्सी भाई और खुद पर विश्वास है।' जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें चौथे टेस्ट मैच के बाद टीम से रिलीज कर दिया गया था। रविवार को हैरी ब्रूक का कैच छोड़ने के बाद सिराज आखिरी दिन पूरी तरह से प्रतिबद्ध नजर आए। उन्होंने सोमवार सुबह के सत्र में जो भी गेंदें फेंकी उसने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया।

### शब्दों में बयां नहीं कर सकता भावनाएं: सिराज

मोहम्मद सिराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो, इस समय (जीत के बाद) जो भावनाएं मेरे अंदर हैं, मैं उन्हें शब्दों में बयां नहीं कर सकता, क्योंकि कल (रविवार को) मैंने कैच छोड़ दिया था। जब मैं (चौथे दिन के बाद) सोने जा रहा था, तो मैं बस यही सोच रहा था कि मैंने ऐसा कैसे कर दिया।' मोहम्मद सिराज ने कहा, 'अगर मैंने वह कैच ले लिया होता, तो हमें सोमवार को मैदान पर आकर खेलने की जरूरत नहीं पड़ती। हम आराम कर रहे होते। लेकिन ऊपर वाले ने हमारे लिए कुछ और ही सोच रखा था। वह हमें सोमवार को स्टेडियम तक ले आया और नतीजा सबके सामने है।'

# पहली परीक्षा में डर खत्म

## इंग्लैंड दौरे पर नहीं खली रोहित–विराट की कमी, यह कमजोरी हुई दूर तो दुनिया पर राज करेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ 45 दिन के क्रिकेट में भारतीय टीम ने जबरदस्त खेल दिखाया। सीरीज के स्कोरलाइन 2-2 से 5 टेस्ट मैचों का आकलन शायद शुभमन गिल की टीम के साथ नाइंसाफी होगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम इस सवाल के साथ पहुंची थी कि वह सीरीज 0-4 से हारेगी या 0-5 से क्लीन स्वीप का सामना करेगी। 20 जून को जब दौरे की शुरुआत हुई तो किसी ने नहीं सोचा था कि 4 अगस्त को जब सीरीज का समापन होगा तब ओवल स्टेडियम बेन स्टोक्स के साथ शुभमन गिल ट्रॉफी उठाते दिखेंगे। सीरीज में साफ हो गया कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है। 45 दिन के क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने जबरदस्त खेल दिखाया। सीरीज के स्कोरलाइन 2-2 से 5 टेस्ट मैचों का आकलन शायद शुभमन गिल की टीम के साथ नाइंसाफी होगी। तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज को मैनचेस्टर टेस्ट मैच के आखिरी दिन के पलों से आंकना चाहिए। जब बेधड़क क्रिकेट खेलने का दंभ भरने वाले बेन स्टोक्स मैच ड्रॉ समाप्त करने के लिए रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के आगे गिड़गिड़ाए थे।

### भारतीय टीम का रहा दबदबा

भारत-इंग्लैंड 5 मैचों की टेस्ट सीरीज को लॉर्ड्स में तीसरे दिन के अंत में आउट होने के डर से जैक क्रॉली और बेन डकेट मैदान पर लेट उतरने से आंकना चाहिए। स्टोक्स के दोनों ओपनर जैसे-तैसे समय बर्बाद करके विकेट बचाने की कोशिश में लगे थे। इस रिकॉर्ड से भापना चाहिए कि टॉप 5 सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में 3 भारतीय हैं। 21 में से 12 शतक भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए हैं। इस सीरीज को ओवल में 30 रन के अंदर 5 विकेट लेकर अंग्रेजों के जबड़े से जीत छीनने के लिए याद रखना चाहिए।

### क्यों सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही

भारतीय टीम का दबदबा होने के बाद भी सीरीज 2–2 से ड्रॉ रही क्योंकि अहम मौकों पर शुभमन गिल की टीम ने काफी साधारण प्रदर्शन किया। लीड्स टेस्ट में 5 शतक लगाने के बाद भी टीम हार गई। इस मैच में फील्डिंग ने निराश किया। 7 कैच टपकाकर बंटाधार हुआ। रही सही कसर दूसरी पारी में गेंदबाजी ने पूरी कर दी। 371 रन के लक्ष्य के जवाब में जैक क्रॉली और बेन डकेट ने 188 रन की साझेदारी की। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए।

### लॉर्ड्स में दबाव नहीं झेल पाई भारतीय टीम

इसके बाद भारतीय को लॉर्ड्स में हार मिली। भारतीय टीम पहली पारी में बढ़त हसिल करने से चूक गई। पहली पारी में उसने 11 रन के अंदर 4 विकेट गंवाए। 193 रन लक्ष्य के जवाब में वह दबाव नहीं झेल पाई। बेन स्टोक्स की करिशमाई गेंदबाजी के आगे टॉप ऑर्डर का कोई भी बल्लेबाज डटकर नहीं खेल सका। रविंद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन 22 रन से हार का समाना करना पड़ा।

### यह कमी करनी होगी दूर

भारतीय टीम के पास विश्व क्रिकेट पर राज करने की क्षमता है। इसके लिए उसे ऑलराउंडर्स के मोह से निकलना होगा। बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए गेंदबाजी से समझौता करना ठीक नहीं है। ऐसे एप्रोच से नतीजा यही होगा। भारतीय टीम को कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए थे।




### शुभमन गिल को कप्तानी पर काम करने की जरूरत

भारत ने यह सीरीज 2–2 से बराबर कर ली, लेकिन कप्तान के तौर पर शुभमन गिल को बहुत काम करने की जरूरत है। गिल ने कई बार साधारण फैसले किए। उन्होंने सीरीज में कई बार मैच को हाथ से निकलने दिया। वह कई आउट ऑफ आइडिया दिखे। गिल की कप्तानी की सबसे बड़ी कमी रही चौथे गेंदबाज का इस्तेमाल न करने जिद। वह तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों पर काफी निर्भर दिखे। अंग्रेज बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देकर हावी होने दिया। हालांकि, कप्तान के तौर पर गिल की यह पहली सीरीज थी। उन्हें वक्त के साथ इन कमियों पर काम करना होगा।

## 35 का एवरेज, कप्तानी दिए जाने पर भी सवाल... तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज में नए नायक बनकर उभरे कैप्टन शुभमन गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड दौरे के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली और अश्विन के संन्यास के बाद जब टीम का ऐलान हुआ तो टीम की कमान शुभमन गिल को दी गई, इसके बाद सवाल उठा कि एक कैसे खिलाड़ी को कप्तान कैसे बनाया जा सकता है जिसका टेस्ट क्रिकेट में एवरेज 35 का है. लेकिन तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के 2-2 से बराबरी पर छूटने के बाद सारे आंकड़े पुराने किस्से की तरह हो गए. क्योंकि टीम इंडिया के प्रिंस ने खुद को बतौर बल्लेबाज तो स्थापित करके दिखाया ही, वहीं यह भी दिखाया कि कप्तानी करने के मामले में भी वह किसी से कम नहीं हैं. उनकी कप्तानी में विराट कोहली जैसा कड़क तेवर नजर आया, वहीं रोहित शर्मा जैसी प्रेशर झेलने की कुव्वत भी नजर आई, धोनी जैसी कूलनेस भी दिखी.




गिल ने बतौर बल्लेबाज तो इस सीरीज में खुद को स्थापित करके दिखाया ही, वहीं टीम इंडिया के नंबर 4 पर भी खुद को स्थापितकरके दिखाया और क्या स्थापित किया.... क्योंकि गिल से पहले इस नंबर 4 की पोजीशन पर कभी सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली लंबे अरसे तक खेले थे. यह टीम इंडिया का टेस्ट क्रिकेट में ग्रेटेस्ट बैटिंग पोजीशन रही है. कैप्टन गिल के साथ खास बात यह रही कि जब अंग्रेज टीम के सामने आंखें तरेरनी पड़ी तो वो भी किया और जब मुश्किल परिस्थिति? में टीम के गेंदबाजों से लगातार कम्युनिकेशन करने की आवश्कता पड़ी तो उसे भी करने से वो पीछे नहीं हटे, हर हाल में डटे रहे. ओवल टेस्ट के उदाहरण से ही इसे आसानी से समझ सकते हैं. एक समय इंग्लैंड के दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 301 रन बन चुके थे लग रहा तो यहां से तो अंग्रेजों की की जती तय है।

### प्रो पंजा लीग: 2025

## सीजन 2 में नई टीम और शोकेस बाउट से बढ़ेगा रोमांच

### ये है प्रो पंजा लीग 2025 के वेन्यू से लाइव स्ट्रीमिंग तक की जानकारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रो पंजा लीग 2025 का दूसरा सत्र मंगलवार (5 अगस्त) से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुरू होगा। इससे पहले सोमवार (4 अगस्त) को जिवाजी क्लब में दूसरे सत्र की शुरुआत का ऐलान हुआ। सीजन 2 का रोमांच छठी फेंचाइजी एमपी हथौड़ाजके जुड़ने से लीग का रोमांच और बढ़ेगा। इसके लिए 70 किलो वेट कैटेगरी में 2 शोकेश बाउट का भी ऐलान हुआ। आइए जानते हैं टूर्नामेंट के फॉर्मेट, वेन्यू, टीमें और लाइव स्ट्रीमिंग समेत अन्य जानकारी–

### प्रो पंजा लीग का फॉर्मेट

टूर्नामेंट के फॉर्मेट की बात करें तो एक वेट कैटेगरी में दो खिलाड़ियों के बीच बाउट्स होते हैं। इन बाउट्स में खिलाड़ियों को पिन हासिल करने यानी राउंड जीतने होते हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्ग में बाउट्स तय वेट कैटेगरी में होते हैं। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भी अलग श्रेणी है। लीग प्रारूप के बाद सेमीफाइनल होगा। फिर फाइनल में विजेता तया होगा।

### कितने मुकाबले होंगे

प्रो पंजा लीग 2025 में 5 अगस्त से 21 के बीच 17 दिन में 30 मैच होंगे। 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। विजेताओं का मुकाबला फाइनल में होगा। 20 अगस्त को सेमीफाइनल और 21 अगस्त को फाइनल होगा।

## बैंच पर बैठे रह गए ये 3 दिग्गज, नहीं मिला इंग्लैंड दौरे में एक भी टेस्ट खेलने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ पर खत्म किया. मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की घातक गेंदबाजी और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने आखिरी टेस्ट 6 रन से जीता और सीरीज को बराबरी पर खत्म किया, लेकिन इस पूरी सीरीज में भारतीय स्क्वॉड के कुछ ऐसे चेहरे भी थे जो लगातार टीम के साथ रहे, नेट्स में पसीना बहाया, लेकिन प्लेइंग इलेवन में एक भी मौका नहीं मिला.




### अभिमन्यु ईश्वरन, हर बार निराशा

बंगाल के भरोसेमंद बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन सालों से इंडिया 'ए' के साथ दौरे कर रहे हैं. उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाया है और इंडिया॒ के कप्तान के रूप में विदेशों में शानदार प्रदर्शन भी किया है. 2022 में उन्हें पहली बार टीम इंडिया की टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया था, लेकिन अब तक उनके डेब्यू का इंतजार जारी है. इंग्लैंड दौरे पर भी वह बतौर रिजर्व ओपनर टीम में थे, मगर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के अच्छे फॉर्म ने उनके लिए टीम में कोई जगह नहीं छोड़ी.

### कुलदीप यादव को भी नहीं मिली जगह

रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की स्पिन जोड़ी ने पूरा सीरीज में गेंदबाजी की, लेकिन कुलदीप यादव जैसे अनुभवी चाइनामैन स्पिनर को एक भी मैच में मौका नही मिला. रविचंद्रन अश्विन के बाहर रहने के बावजूद कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने कुलदीप की अनदेखी की.

# नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से अपना नाम वापस लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम विजेता और विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी। 38 साल के सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गैर-चिकित्सीय कारणों के चलते टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। जोकोविच ने कमर की चोट का हवाला देते हुए टोरंटो में कैनेडियन मास्टर्स से हटने का फैसला किया था। उन्होंने लगातार दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट से भी बाहर रहने का फैसला किया था। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार, तीन बार के चैंपियन का एटीपी मास्टर्स 1000 में 45-12 का टूर्नामेंट रिकॉर्ड है। इस आयोजन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में, उन्होंने 2023 के एक शानदार



फाइनल में कार्लोस अल्काराज को 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से हराकर जीत हासिल की थी। जोकोविच का इस सीजन में रिकॉर्ड 26-9 है, इसी साल उन्होंने मई में जिनेवा में अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता था। उस जीत के बाद से उन्होंने सिर्फ दो इवेंट खेले हैं। वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे, लेकिन दोनों ही मेजर टूर्नामेंट में जैनिक सिनर से हार गए। जोकोविच का अगला मुकाबला यूएस ओपन में होगा, जहां मुख्य ड्रॉ मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे। वह अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं, जो पुरुष और महिला एकल में मिलाकर एक सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित करेगा, और महिला वर्ग में मार्गरेट कोर्ट के वर्तमान रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा।

### कॉमनवेल्थ गेम्स:

# राष्ट्रमंडल खेल टीम करेगी अहमदाबाद का दौरा


### 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह दल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा और मंगलवार को अहमदाबाद में होगा। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों का एक दल मंगलवार से तीन दिन के लिए अहमदाबाद का दौरा करेगा। यह दल आयोजन स्थलों का निरीक्षण करेगा और गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात करेगा क्योंकि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की संभावनाएं बढ़ रही हैं।यह दल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा और मंगलवार को अहमदाबाद में होगा। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है।



## क्लब चलाना कठिन रहा.., बेंगलुरु एफसी ने उठाया बड़ा कदम, सुनील छेत्री को भी नहीं मिलेगी सैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग क्लब बेंगलुरु एफसी ने एक मुश्किल फैसला लेते हुए सुनील छेत्री समेत अपने सभी प्लेयर्स की सैलरी को रोक दिया है. क्लब ने इसको लेकर एक आधिकारिक बयान जारी किया और बताया कि वह खिला?ियों और सपोर्ट स्टाफ को कुछ समय के लिए सैलरी नहीं देंगे. क्लब ने एआईएफएफ और एफएसडीएल से गतिरोध को जल्द से जल्द खत्म करने का आग्रह करते हुआ कहा कि भारतीय फुटबॉल के भविष्य के लिए इसका शीघ्र समाधान बेहद ज़रूरी है. बेंगलुरु एफसी ने अपने बयान में कहा, इंडियन सुपर लीग सीज़न के भविष्य की अनिश्चितता को देखते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने प्रथम टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सैलरी को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने का एक बेहद कठिन फैसला किया है. भारत में एक फुटबॉल क्लब को चलाना और उसे बनाए रखना हमेशा से एक कठिन काम रहा है, जिसे हमने हर सीज़न में पूरा किया है. हालांकि, लीग के भविष्य को लेकर स्पष्टता की कमी के कारण हमारे पास यह कदम उठाने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं था. हमारे प्लेयर्स, सपोर्ट स्टाफ और उनके परिवारों का भविष्य और कल्याण हमारे लिए सबसे जरुरी है, और हम समाधान की प्रतीक्षा में उनके संपर्क में हैं.



क्लब ने अपने बयान में बताया कि इससे बीएफसी सॉकर स्कूल में खेलने वाले प्लेयर्स पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा. उन्होंने कहा, क्लब अपनी युवा टीमों (पुरुष और महिला) के साथ खेल और अपने संचालन को बढ़ाने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और बीएफसी सॉकर स्कूल इस निर्णय से अप्रभावित रहेंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में प्रेमी का खूनी खेल, 15 वर्षीय लड़की की जहांगीरपुरी मार्केट में गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में सोमवार रात 15 वर्षीय लड़की की उसके कथित बॉयफ्रेंड द्वारा सरे बाजार गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या के आरोपी की पहचान 20 वर्षीय आर्यन के रूप में हुई है। पुलिस ने लड़की के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जहांगीरपुरी निवासी लड़की एक दोस्त के साथ स्थानीय मार्केट गई थी, तभी एक युवक द्वारा उसे गोली मार दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''घटना रात 8 बजकर 10 मिनट पर जहांगीरपुरी के डी ब्लॉक में डॉ. केके महाजन क्लीनिक के सामने हुई। लड़की अपनी एक दोस्त के साथ थी, तभी आरोपी उसके पास पहुंचे।'' शुरुआती जांच के अनुसार, जहांगीरपुरी निवासी आर्यन (20) अपने एक साथी के साथ बाजार पहुंचा और लड़की पर करीब से गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि आर्यन का उस लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था।

### लहूलुहान हालत में लड़की को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच, लाल किले की सुरक्षा जांच में लापरवाही पाए जाने पर शनिवार सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं पुलिस ने सोमवार को लाल किला के पास घूम रहे पांच अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को भी पकड़ा है। डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए लाल किले की माक ड्रिल कराई जाती है। इसके तहत स्पेशल सेल की टीम डमी बम लेकर लाल किले में घुसने की कोशिश करती है। एक टीम लाल किला की बाहरी सुरक्षा में तैनात पुलिकर्मियों को छकाते हुए डमी को लेकर अंदर जाने में सफल हो गई। इसे लापरवाही मानते हुए सात पुलिकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि वहीं सोमवार को लाल किला की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। ये सभी सरोजनी नगर इलाके में अवैध तौर पर रह रहे थे। इनकी स्पेशल सेल और आईबी से पूछताछ के बाद बांग्लादेश भेजने की तैयारी की जा रही है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली की संजय बस्ती में 'कूड़े से आजादी' अभियान में शामिल हुईं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तिमारपुर इलाके में जारी स्वच्छता अभियान 'कूड़े से आजादी' में मंगलवार को हिस्सा लिया और निवासियों से अपने आसपास के इलाकों को साफ रखने की सामूहिक जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम संजय बस्ती में आयोजित किया गया था। स्थानीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री के साथ मौजूद गुप्ता ने कहा कि समूची दिल्ली के जनप्रतिनिधि अपने-अपने इलाकों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# दिल्ली में अपराधियों को नहीं किसी का डर! हर दो घंटे में लूट-छिनैती; डरा रहे आंकड़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की सड़कों पर अपराध का साया दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, हर दो घंटे में चेन-स्नैचिंग या लूटपाट की एक घटना सामने आ रही है। चाहे आम नागरिक हो या कोई बड़ा चेहरा, कोई भी इस खतरे से अछूता नहीं है। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस सांसद के साथ भी चैन स्नैचिंग की घटना हुई।

सोमवार की सुबह एक चौंकाने वाली घटना ने सबका ध्यान खींचा। मयिलादुथुराई से कांग्रेस सांसद आर. सुधा, जो राज्यसभा सांसद राजाथी के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं, दिल्ली के हाई-सिक्योरिटी डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में लुटेरों का शिकार बन गईं। सुबह करीब सवा 6 बजे, पोलैंड दूतावास के पास एक बाइक सवार बदमाश ने उनकी चेन छीनकर फरार हो गया। यह घटना बताती है कि अपराधी अब कितने बेखौफ हो चुके हैं।

लोग अक्सर चेन-स्नैचिंग या लूट को छोटा अपराध समझ लेते हैं, लेकिन इसका परिणाम कई बार जानलेवा हो सकता है। दिसंबर 2023 में, उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन्स में 66 साल की केसांग दोर्जी, जो अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली थीं, बैग छीनने की कोशिश का विरोध करते हुए गंभीर रूप से घायल हो गईं। सिर में चोट लगने की वजह से दो दिन बाद उनकी मौत हो गई।

इसी तरह, अक्टूबर 2023 में करोल बाग में 38 साल के एक शख्स की तीन नाबालिगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी, जब उसने अपनी दोस्त के फोन छीनने की कोशिश का विरोध किया। पिछले साल सितंबर में भी, फोन छीनने की कोशिश में एक 32 साल के व्यक्ति की जान चली गई। ये घटनाएं बताती हैं कि छोटा समझा जाने वाला अपराध कितना खतरनाक हो सकता है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, स्नैचिंग की घटनाओं में कमी आई है। 2021 में 9,383 मामले दर्ज हुए, 2022 में 8,387, 2023 में 7,886, और 2024 में 6,493 मामले सामने आए। इस साल जून तक 2,503 मामले दर्ज किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कई पीड़ित शिकायत दर्ज ही नहीं कराते। इसकी वजह है पुलिस प्रक्रिया की जटिलता और बार-बार उस दर्दनाक पल को याद करने की तकलीफ। उदाहरण के लिए, जनवरी 2023 में पश्चिमी दिल्ली की एक पॉश कॉलोनी में रहने वाली 34 साल की रीना शर्मा के साथ दो बाइक सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर लूटपाट की। उन्होंने रीना का फोन और सोने की चेन छीन ली, लेकिन रीना ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की।

# दिल्ली में किस बात के विरोध के लिए सड़कों पर उतरे चांदनी चौक के व्यापारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के चांदनी चौक इलाके के सैकड़ों व्यापारी सोमवार को सड़क पर उतरकर मौन विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों से अ्यापावैध अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई करने और ऐतिहासिक बाजार की शान वापस लाने का आग्रह किया। उनका कहना है कि अदालत की निगरानी में वर्षों से चल रहे पुनर्विकास के बावजूद, यह बाज़ार फिर से अव्यवस्था में डूब रहा है। इस दौरान चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल ने एक घंटे का विरोध प्रदर्शन किया, जो सुनहरी मस्जिद से शुरू होकर लाल किले की ओर बढ़ा और फिर फाउंटेन चौक पर वापस आ गया।

समूह ने 14 अगस्त तक हर दोपहर टाउन हॉल, फतेहपुरी मस्जिद और इलाके के अन्य स्थानों तक ये मार्च जारी रखने की योजना बनाई है। हालांकि, भाजपा प्रवक्ता और चांदनी चौक नागरिक मंच के महासचिव प्रवीण शंकर कपूर ने एक बयान में कहा कि इलाके में नागरिकों से जुड़े मुद्दे बेहद गंभीर हैं, फिर भी स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के दौरान कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।

व्यापारियों की तरफ से जारी बयान में आरोप लगाया कि दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, नगर निकायों और पुलिस ने फेरीवालों और अवैध निवासियों को नो-वेंडिंग ज़ोन में लौटने की अनुमति दे दी है, जिससे अदालत की निगरानी में किए गए 140 करोड़ रुपए के पुनर्विकास को नुकसान पहुंच रहा है। उनके बयान में कहा गया है, वर्षों के प्रयास से चांदनी चौक को उसका पुराना गौरव वापस मिला था, लेकिन अब लापरवाही और जानबूझकर किए गए उल्लंघनों के कारण इसे टुकड़ों में तोड़ा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बढ़ती भीड़भाड़, स्वच्छता संबंधी समस्याएं और छोटे-मोटे अपराध फिर से आम हो गए हैं, मुख्य सड़क और आसपास की गलियों के कई हिस्सों पर अनधिकृत विक्रेताओं ने कब्जा कर लिया है।

बयान में आगे कहा गया है, यह सिर्फ़ अतिक्रमण नहीं है, बल्कि अदालती आदेशों का मजाक है। कपूर ने कहा, सभी व्यापारी और निवासी देशभक्त हैं। 9 से 15 अगस्त तक कोई विरोध प्रदर्शन या गांधीगिरी नहीं की जाएगी।

# स्टालिन और नायडू की तरह शॉर्टकट हथकंडा नहीं मंजूर, केरल के मंत्री बोले- हमें दंड ना दे केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
परिसीमन की चर्चा और लोकसभा सीटें घटने की आशंकाओं के बीच दक्षिण के दो राज्यों तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों एमके स्टालिन और चंद्रबाबू नायडू ने पिछले दिनों लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील की थी कि ताकि संसद में राज्य को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। हालांकि केरल ने इससे अलग रुख अपनाया है और दोनों मुख्यमंत्रियों की अपील को शॉर्टकट हथकंडा करार दिया है।

केरल के उद्योग और कानून मंत्री पी राजीव ने कहा कि इस मुद्दे को बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता है, न कि इन शॉर्टकट्स की। इकनॉमिक टाइम्स से बात करते हुए राजीव ने कहा, लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने के लिए कहना, समस्या के समाधान का एक शॉर्टकट तरीका है। हमें इस वास्तविकता को स्वीकार करने की जरूरत है कि यह लोगों को तय करने का अधिकार है कि उनके कितने बच्चे हों।

केंद्र सरकार की नीति लागू की, इसलिए मिल रहा दंड राजीव, जो सीपीआई-एम केंद्रीय समिति के सदस्य भी हैं, ने केंद्र सरकार की नीति को लागू करने के लिए केंद्र पर दक्षिणी राज्यों को दंडित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम एक वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं, आर्थिक संकट नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण वित्तीय संकट। हमें कुछ क्षेत्रों में हमारी उपलब्धियों के लिए दंडित किया जा रहा है। आबादी कंट्रोल करने वाले राज्यों को मिले प्रोत्साहन राजीव ने कहा, दरअसल, केंद्र को उन राज्यों को प्रोत्साहन देना चाहिए, जिन्होंने जनसंख्या कम करने की केंद्र सरकार की नीतियों को लागू किया है। जनसंख्या नियंत्रण केंद्र की एक नीति थी जिसे हमने लागू किया है। निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या सीमित करने के बजाय, उन्हें प्रोत्साहन देना चाहिए। ज़्यादा आबादी वाले राज्यों को वित्तीय प्रोत्साहन और ज़्यादा प्रतिनिधित्व देकर, आप उन्हें केंद्र की नीतियों का पालन न करने के लिए पुरस्कृत कर रहे हैं। यह न्याय नहीं है। बता दें कि पिछले साल, चंद्रबाबू नायडू ने तब विवाद खड़ा कर दिया था।

### कांवड़ लेकर 110 किमी पैदल चले भाजपा सांसद के पैरों का बुरा हाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी कांवड़ यात्रा संपन्न करके वापस आ गए हैं। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली सीट से तीसरी बार के सांसद मनोज तिवारी ने सुल्तागंज से गंगाजल भरकर बाबा वैद्यनाथ को जल चढ़ाया। नंगे पैर 110 किलोमीटर पैदल यात्रा की वजह से मनोज तिवारी के दोनों पैरों का बुरा हाल हो गया है। पैर में छालों की वजह से उन्हें व्हील चेयर पर बैठकर संसद जाना पड़ा। मनोज तिवारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मनोज तिवारी ने पिछले दिनों बताया था कि 30 साल बाद कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। भोजपुरी गानों के मशहूर गायक मनोज तिवारी पहले भी कई बार बाबा धाम कांवड़ लेकर जा चुके हैं। लेकिन राजनीति में सक्रियता के बाद वह समय नहीं निकाल पाते थे। इस बार उन्होंने बाबा को पैदल जाकर गंगाजल चढ़ाने का फैसला किया। सुल्तानगंज में गंगा स्नान के बाद वह पैदल बाबा धाम तक गए।

# गुजाराभत्ता देने से बचने के लिए इनकम छुपाना गंभीर: दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद के मामलों में एक पक्ष की ओर से आर्थिक स्थिति को छुपाने के मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। हाईकोर्ट ने एक महिला की उस याचिका को मंजूरी दे दी है, जिसमें उसने अलग हुए पति के खिलाफ अपने दावों के समर्थन में गवाहों को बुलाने की मांग की थी। यह मामला गुजाराभत्ता याचिका से जुड़ा है।

जस्टिस रविंद्र डुडेजा की बेंच का यह आदेश पति के साथ वैवाहिक विवाद में फंसी महिला के गवाहों को बुलाने की याचिका पर आया है। महिला ने संबंधित दस्तावेज के साथ बैंक अधिकारियों को तलब करने की मांग की, ताकि पति द्वारा अपनी संपत्ति की बिक्री से धन के हेरफेर की श्रृंखला को रिकॉर्ड में लाया जा सके। बेंच ने एक पारिवारिक अदालत के 7 जून, 2024 के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें गवाहों को बुलाने की उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी। महिला ने दावा किया कि उसे पता चला है कि उसके अलग हुए पति ने अदालत को गुमराह करने व वैध भरण-पोषण की राशि का भुगतान करने से बचने के लिए अपनी संपत्ति मां व भाई सहित परिवार के सदस्यों के नाम कर दी थी। बेंच ने कहा कि यह याचिका 2013 में दायर की गई थी। महिला लंबे समय से गुजर-बसर की लड़ाई लड़ रही है। इसलिए उसे गवाह पेश करने का अधिकार है। अब कैसी है झारखंड के मंत्री रामदास सोरेन की तबीयत, डॉक्टरों को एक बड़ी आशंका दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि उनकी हालत में खास सुधार नहीं है, पर स्थिर है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें हर मापदंड पर निगरानी कर रही है। अब भी वे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। ऐसे में डॉक्टरों को एक बड़े खतरे की आशंका है। इसको लेकर मंगलवार को टेस्ट किया जाएगा, इसके बाद उनके मस्तिष्क की स्थिति का अंदाजा लग पाएगा। जानकारी के अनुसार, सोमवार को उनके मस्तिष्क का एप्निया टेस्ट होना था।

# धरती के नीचे छिपा है एक अनदेखा जीवन! चीन और कनाडा के वैज्ञानिकों की चौंकाने वाली खोज

**बीजिंग/ओटाया, एजेंसी।** जहां एक ओर दुनिया मंगल ग्रह और अन्य ग्रहों पर जीवन की तलाश में अरबों डॉलर खर्च कर रही है, वहीं चीन और कनाडा के वैज्ञानिकों की एक अभूतपूर्व खोज ने पृथ्वी के अंदर छिपे जीवन की परतें खोल दी हैं। यह अध्ययन यह साबित करता है कि हमारी धरती की गहराईयों में–जहां न तो सूर्य की रोशनी पहुंची है, न ही जीवन के लिए पारंपरिक शर्तें मौजूद हैं–एक विशाल और सक्रिय जीवनमंडल मौजूद है। चीनी विज्ञान अकादमी के गुआंगझोउ इंस्टीट्यूट ऑफ जियोकेमिस्ट्री के प्रोफेसर झू जियानक्सी और हे होंगपिंग ने कनाडा के अल्बर्टा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कर्ट कोनहॉसर के साथ मिलकर यह शोध किया। उनका निष्कर्ष है कि पृथ्वी की गहराइयों में मौजूद सूक्ष्मजीव –जिनमें प्रमुख रूप से प्रोकैरियोट्स होते हैं–सूरज की रोशनी की बजाय भूगर्भीय घटनाओं से मिलने वाली ऊर्जा पर निर्भर करते हैं।

इन जीवों की संख्या इतनी अधिक है कि वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि ये पृथ्वी के कुल जीवों की 95त्न तक आबादी का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। ये सभी एककोशिकीय जीव होते हैं, जिनमें झिल्ली-बद्ध कोशिकांगों की अनुपस्थिति के कारण इन्हें प्राचीन और आदिम जीवन रूप माना जाता है। कैसे जिंदा रहते हैं ये जीवन रूप?

शोधकर्ताओं ने पाया कि धरती के नीचे जब भूकंप आते हैं, तो चट्टानों में दरारें उत्पन्न होती हैं। जब इन दरारों से पानी गुजरता है, तो यह चट्टानों के साथ रासायनिक अभिक्रिया करता है, जिससे हाइड्रोजन गैस और प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन जैसी ऊर्जा-युक्त यौगिक उत्पन्न होते हैं। इनसे इलेक्ट्रॉनों का प्रवाह शुरू होता है, जो सूक्ष्मजीवों की जैविक क्रियाओं को संचालित करता है।

शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में पृथ्वी के सामान्य सिलिकेट खनिज क्वार्ट्ज़ के साथ यह प्रक्रिया दोहराई। उन्होंने पाया कि जब क्वार्ट्ज़ पर तनाव पड़ता है और वह टूटता है, तब उसकी सतह जल के संपर्क में आकर हाइड्रोजन और ऑक्सीजन यौगिकों का निर्माण करती है। यह प्रक्रिया भूमिगत जीवन के लिए ऊर्जा प्रदान करती है, बिलकुल किसी बैटरी की तरह।

यह सब संकेत करता है कि भूमिगत जीवन न केवल संभव है, बल्कि यह पृथ्वी के इतिहास में जीवन की उत्पत्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हो सकता है।

# कनाडा के सर्रे में खालिस्तान दूतावास का उद्घाटन, गुरुद्वारा इमारत में बनाया दफ्तर !

**टोरंटो , एजेंसी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सर्रे शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा और प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन स्त्नद्ब (सिख्स फॉर जस्टिस) ने कथित तौर पर खालिस्तान की एंबेसी खोल दी है। यह दफ्तर गुरुद्वारे के प्रांगण में बने सामुदायिक केंद्र में स्थापित किया गया है।बताया जा रहा है कि इस कथित एंबेसी के लिए कनाडा और अमेरिका से चंदा जुटाया गया था। ये वही नेटवर्क हैं जो कई सालों से विदेशों में बैठकर खालिस्तान आंदोलन को हवा दे रहे हैं।




यह वही इमारत है जिसे ब्रिटिश कोलंबिया सरकार की ओर से सरकारी फंडिंग मिली थी। हाल ही में सरकार ने इस इमारत में लिफ्ट लगाने के लिए .1,50,000 (करीब 90 लाख रुपए) की सहायता राशि दी थी। इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय नागरिकों, भारतीय समुदाय और विशेषज्ञों ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि सरकारी फंड का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। यह न केवल कनाडा की राष्ट्रीय एकता के खिलाफ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को भी बढ़ावा देता है। खालिस्तानी विचारधारा समाज में नफरत और विभाजन फैलाने का काम कर रही है। यह कोई पहली बार नहीं है जब खालिस्तानी समूह ने इस तरह की गतिविधि की हो।

# ट्रंप ने विदेशी पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ाई: अमेरिका में एंट्री कर दी महंगी, भरना पड़ेगा एक साल का बांड !

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन एक प्रायोगिक कार्यक्रम लागू कर रहा है जिसके तहत पर्यटक या व्यावसायिक वीजा पर अमेरिका आने वाले विदेशी आगंतुकों को 15,000 अमेरिकी डॉलर तक का ''बांड भरना पड़ेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपनी वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में न रुकें। इस कार्यक्रम के दायरे में आने वाले देशों की घोषणा अभी नहीं की गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक 'अस्थायी अंतिम नियम जारी किया है जिसके तहत 12 महीने का वीजा बांड प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस प्रायोगिक कार्यक्रम के तहत व्यवसाय या पर्यटन के वास्ते अमेरिका आने के लिए बी-1/बी-2 वीजा का आवेदन करने वाले विदेशियों को 15,000 अमेरिकी डॉलर तक का बांड भरना पड़ सकता है।




मंत्रालय ने कहा कि इस नियम को ''वीजा अवधि से अधिक समय तक रुकने और अपर्याप्त जांच-पड़ताल से उत्पन्न स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे से अमेरिका की रक्षा के लिए ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ बताया गया है। मंत्रालय ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, ''व्यापार या मौज मस्ती के लिए अस्थायी आगंतुक (बी-1/बी-2) के रूप में वीजा का आवेदन करने वाले व्यक्ति और मंत्रालय द्वारा चिह्नित ऐसे विदेशी नागरिक जिनका उच्च वीजा अवधि से अधिक दिन तक ठहरने का इतिहास रहा है, अथवा निवेश के जरिए नागरिकता की पेशकश करने वाले व्यक्ति और ऐसे विदेशी जिन्होंने बिना किसी निवास आवश्यकता के नागरिकता प्राप्त की हो, वे इस प्रायोगिक कार्यक्रम के अधीन हो सकते हैं। इस महीने शुरू होने वाला यह प्रायोगिक कार्यक्रम पांच अगस्त, 2026 तक प्रभावी रहेगा। यह प्रायोगिक कार्यक्रम ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध आव्रजन पर कार्रवाई का हिस्सा प्रतीत होता है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनावी अभियान और 'व्हाइट हाउस में उनके दूसरे कार्यकाल का एक प्रमुख एजेंडा है। सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में यह पाया गया है कि लाखों गैर-अप्रवासी आगंतुक समय पर अमेरिका से प्रस्थान नहीं करते हैं और अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक वहां रुक जाते हैं।

# मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी, पुतिन की सीक्रेट बेटी ने पोस्ट करके फिर मचाई हलचल

**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कथित गुप्त बेटी एलिजावेता क्रिवोनोगिख फिर सुर्खियों हैं। उन्हें लुइजा रोजोवा के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने हाल ही में अपने निजी टेलीग्राम चैनल पर भावनात्मक और रहस्यमयी मैसेज शेयर किए। इनमें रोजोवा ने अपने पिता की ओर इशारा करते हुए एक ऐसे व्यक्ति की निंदा की है, जिसने उसका जीवन बर्बाद कर दिया। 22 साल की रोजोवा ने लिखा, वह व्यक्ति जिसने लाखों जिंदगियां छीनीं और मेरी जिंदगी को नष्ट कर दिया। खुलकर अपनी पहचान दुनिया के सामने ला सकती हैं, जो उन्हें याद दिलाता है कि वह कौन हैं और किसने उनकी जिंदगी पर असर डाला। पहले वह इंस्टाग्राम पर अपना चेहरा छिपाती थीं, लेकिन अब उन्होंने पूरी तस्वीरें साझा करना शुरू कर दिया है। उनकी मां स्वेतलाना क्रिवोनोगिख कभी साफ-सफाई का काम करती थीं। उनके साथ पुतिन के कथित संबंधों की खबर 2020 में प्रोजेक्ट नामक जांच से उजागर हुई। स्वेतलाना की संपत्ति भी तेजी बढ़ती गई, जिससे पुतिन से धन मिलने की अटकलों को हवा मिली। एलिजावेता अब पेरिस में रहती हैं। उन्होंने जून 2024 में स्कूल ऑफ कल्चरल एंड आर्ट मैनेजमेंट से ग्रेजुएशन किया है। रूस छोड़ने पर उन्होंने लिखा कि वह अपने प्रिय सेंट पीटर्सबर्ग में और चक्कर नहीं लगा सकतीं और न ही अपने पसंदीदा स्थानों पर जा सकती हैं। अब वह पेरिस स्थित आर्ट एल गैलरी और एस्पेस अल्बाट्रोस में काम करती हैं, जो युद्ध-विरोधी प्रदर्शनियों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपनी छवि बदली है और अब वह यूक्रेन युद्ध के खिलाफ बोलती हैं। साथ ही अपनी पहले की शानदार जीवनशैली से दूरी बना ली है। वह अब एलिजावेता रुडनोवा के नाम से जानी जाती हैं, जो पुतिन के दिवंगत सहयोगी ओलेग रुडनोव के नाम से मिलता-जुलता है।

# तिरंगा यात्रा सफल बनाने को भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकालेगी। आज भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में चास दिपांजली पैलेस में हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप कार्यक्रम के प्रभारी गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल मौजूद रहे। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी।. 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों, प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।. वहीं 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों पर कार्यकताओं द्वारा तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाएगा। मोके पर चंदनकियारी के पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी भी मौजूद थे। श्री बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व व भारतीय सेना के पराक्रम से पीओके जल्द भारत का हिस्सा होगा। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे वीर जवानों ने अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन किया गया है।. ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए जवानों को नमन करते हैं और इस गौरवशाली तिरंगा यात्रा में सभी हिस्सा ले और घर घर सम्मान पूर्वक तिरंगा लगाया जाए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह,भरत यादव, मुकुल ओझा, अर्जुन सिंह कमलेश राय,मुकेश राय,धीरज झा संजय सिंह, अर्चना सिंह, गिरजा देवी, चक्रधर शर्मा, कुमार अमित, वीरभद्र सिंह, गौर रजवार, चन्द्र शेखर महथा,सुजित चक्रवर्ती, राकेश कुमार मधु,द्वारिका सिंह मुन्ना, अमरदीप झा, एंजेला सिंह, विक्रम पांडेय,विक्की राय,अमर स्वर्णकार,धर्मेन्द्र महथा, अभिषेक कुमार ध्रुव, भानुप्रताप सिंह, ऋषभ राय, विक्रम महतो,हरिष सिंह, विकाश महता, किशोर बाउरी, अविनाश सिंह, महादेव महथा, हरिपद गोप, मनोज सिंह,फटीक दास प्रिती गुप्ता, कुमकुम राय,माया सिंह, बबिता देवी, सीता देवी, पंकज शेखर,संटू राय,अर्जुन स्वर्णकार विभिषण सिंह,आशिष चौधरी,निमाई ओझा, पंकज सिंह, विकास मोदक, बाटुल प्रमाणीक, अशोक कुमार पप्पू,अनुप पाण्डेय, अरविंद राय, विनोद पांडेय,विपीण प्रमाणीक, मोहन गोराई,गोलु उपाध्याय, पशुपति महतो ,अमित कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार एवं धन्यवाद ज्ञापन चास दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विक्की राय ने किया।




# हरदयाल बाबू चौक पर कांवरियों के लिए सेवा शिविर का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी के बिरसा पुल दामोदर नदी से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवरियों ने जल उठाया, श्रद्धा भक्ति से ओतप्रोत भोले नाथ की जयकारा लगाते हुए लगभग 55 किलोमीटर की पदयात्रा कर गौरीनाथ धाम जलाभिषेक के लिए पहुंचने का सिलसिला दोपहर दो बजे से रात भर जारी रहा। जगह जगह सेवा शिविर आयोजित किया गया। हरदयाल बाबू चौक पर भूखाली माहथा के नेतृत्व में शिविर आयोजित किया। शिविर में जहां खीर, चाय, शरबत, फल, पानी का बोतले समेत अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान बरमसिया पुलिस, चंदनकियारी पुलिस, अमलाबाद पुलिस कांवरिया की सुरक्षा में मुस्तैद दिखे। डीएसपी प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी सरज कुमार समेत अन्य को शिविर में जायजा लेते देखा गया। रात भर चलकर सोमवार को कांवरिए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले स्थित गौरी नाथ धाम चिड़काधाम पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे। इस पवित्र यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। बिरसा पुल से लेकर लंका तक कई स्थानों पर कांवरिया सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। जहां स्थानीय लोगो ने कांवरियों को जल, भोजन, दवा और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई। प्रशासन की ओर से यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। मौके पर अवनी राय, रंजीत सिंह चौधरी, मनोज सिंह, शिवपूजन सिंह, अशोक भाई, राजेश महतो, बीरबल महतो, के सहयोग से सेवा कार्य संपन्न हुआ।

# धनबाद के अधिवक्ताओं ने दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद बार एसोसिएशन के परिसर में धनबाद बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिसोम गुरु शिबू सोरेन जी के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।शोकसभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि आदिवासी समाज की मजबूत आवाज, सोरेन जी ने उनके हक और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। शिबू सोरेन आज हमारे बीच नहीं है. लेकिन हर वह आदमी , जो हक और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ता है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सलाम कर रहा है. शिबू सोरेन अब नहीं है. लेकिन उनकी सोच, संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को रास्ता दिखाता रहेगा. आज झारखंड में सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन शिबू सोरेन की सोच की ही उपज थी. 4 फरवरी 1973 को धनबाद के गोल्फ मैदान में विनोद बिहारी महतो, ए के राय और शिबू सोरेन ने मिलकर झामुमो की स्थापना की थी. मकसद था अलग राज्य की लड़ाई लड़ना. झामुमो के गठन के दिन ही विनोद बाबू पार्टी के पहले अध्यक्ष चुने गए. शिबू सोरेन उस वक्त महासचिव बने थे. हेमंत सोरेन जी और पूरे सोरेन परिवार के साथ-साथ गुरुजी के सभी समर्थकों को गहरी संवेदनाएं अधिवक्तागण व्यक्त करते है शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह,उदय प्रकाश सिन्हा, अंजनी कुमार शरण, मोहम्मद सौलत दाऊद उर्फ गुड्डु,समर महतो,जय दयाल केसरी, पथनाथ कुमार,मनोज यादव रमेश राय,संजय कुमार,अंतरा झा, शशिनाथ झा, अवधेश कुमार झा, श्रीकांत वर्मा, इंद्रदेव मंडल, सोनू वर्मा, कालाचन्द कुमार, अश्विनी कुमार सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे

## दिशोम गुरु के निधन पर ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से शोक संदेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक रविश शर्मा ने जारी शोक संदेश में कहा है कि हम शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। वह एक प्रखर जननेता, जनजातीय अधिकारों के प्रबल पक्षधर और झारखंड राज्य के गठन के पीछे एक प्रेरणादायी शक्ति थे। सामाजिक न्याय, आदिवासी उत्थान और वंचित समुदायों के सशक्तिकरण के लिए उनका जीवन भर का संघर्ष राज्य के इतिहास में अमिट छाप छोड़ गया है। श्री सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व ने पीढ़ियों को आवाज दी और झारखंड की पहचान को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से, हम उनके परिवारजनों, अनुयायियों और उन सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, जो उनके जीवन से प्रेरणा लेते रहे हैं।

# नई क्वालिटी सर्किल टीमों के लिए क्वालिटी सर्किल जागरूकता जरुरी

## क्वालिटी सर्किल अवधारणा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नव पंजीकृत क्वालिटी सर्किल टीमों के लिए क्वालिटी सर्किल जागरूकता एवं इससे सम्बंधित अवधारणा के लिए "क्वालिटी सर्कल टूल्स" पर एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बी एस एल के वर्क्स और नॉन-वर्क्स डिवीजन के 50 प्रतिभागियों ने में भाग लिया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) श्री अमरेश सिन्हा ने किया. उन्होंने क्यूसी टूल्स और टेक्निक्स के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की तथा बताया कि किस प्रकार से रोजमर्रा की जिंदगी में इसे अपना कर कार्य दक्षता, समस्या-समाधान और कार्यों और प्रक्रियाओं की समग्र गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्वालिटी सर्कल और संबद्ध अवधारणा तकनीकों, सांख्यिकीय तरीकों से व्यवस्थित प्रक्रिया विश्लेषण और निरीक्षण, समस्या की पहचान एवं समाधान की अवधारणा तथा राष्ट्रीय स्तर की क्वालिटी सर्किल प्रतियोगिता के मार्किंग सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सुश्री सागरिका साहू, वरीय प्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) के द्वारा किया गया.

# वृद्धाआश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाया सावन महोत्सव

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक संस्था यात्रा के 5 वर्ष पूर्ण होने पर बाराद्वारी ओल्ड एज होम वृद्ध आश्रम में सभी बुजुर्गों के साथ सावन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार, अपनी धर्मपत्नी, बच्चों के साथ वृद्ध आश्रम पहुंचे और बुजुर्गों की सेवा की। साथ ही भजन पर खूब झूमे - नाचे। इस अवसर पर गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि हमें यहां आकर बेहद खुशी होती है। हमारे माता-पिता अब नहीं रहे, तो इन्हीं बुजुर्गों में हम अपने माता-पिता देखते हैं। मेरी पत्नी को भी यहां आकर काफी अच्छा लगता है। हम जिस- जिस थाना में रहे, वहां मां दुर्गा की एक छोटी सी मूर्ति और मंदिर का निर्माण करवाया। यहां गोलमुरी थाने में भी मंदिर और मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित करवा रहे हैं। हमें इन बुजुर्गों में अपनी माता-पिता नजर आते हैं। अपने बारे में उन्होंने बताया कि हम खुलकर सबके सामने नहीं आते हैं, लेकिन जहां तक समाज सेवा की बात हो, हम अवश्य वहां पर बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेते हैं। अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सामाजिक कार्य में लगे रहते हैं। यात्रा संस्था की अध्यक्ष रीना सिंह ने बताया कि संस्था का यह पांचवा वर्ष है। हम लोग इस तरह के कार्य लगातार करते रहते हैं। इसमें कई लोगों का सहयोग रहता है। मुझे खुशी है कि आज इस कार्यक्रम में गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार अपने पूरे परिवार के साथ यहां आए। बुजुर्गों को भोजन कराया। उनके साथ भजन में नाचे - गाए । यही असल में जीवन है।

# किशोर कुमार की जयंती पर बोकारो में स्वरमयी श्रद्धांजलि

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध गायक व अभिनेता किशोर कुमार की जयंती पर सोमवार की शाम सेक्टर 12 में कलाकारों ने उन्हें स्वरमयी श्रद्धांजलि दी। स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले रमण चौधरी व रागिनी सिन्हा अंबष्ट के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत गायक अरुण पाठक, जय कुमार, सोमेश मिश्रा, राजेन्द्र शेखर, नीरज सिंह, गंगाधर मिश्रा व अन्य द्वारा किशोर कुमार की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई। अरुण पाठक ने कहा कि किशोर कुमार बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। गायन, अभिनय सहित फिल्म निर्माण, निर्देशन व लेखन के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। रमण चौधरी ने कहा कि किशोर कुमार ने हर तरह के गीत गाए लेकिन मस्तीभरे गीतों को गाने में उन्हें महारत हासिल थी। जय कुमार ने कहा कि किशोर दा के गाए गीत जन जन में लोकप्रिय हैं। सोमेश मिश्रा ने कहा कि किशोर दा के गाए गीत सभी को भाते हैं। राजेन्द्र शेखर ने कहा कि किशोर कुमार के गीत युवाओं को विशेष प्रिय हैं। नीरज सिंह व गंगाधर मिश्रा ने भी किशोर दा को विशिष्ट प्रतिभा संपन्न कलाकार के रूप में याद किया। अरुण पाठक ने छोटी सी ये दुनियां पहचाने रास्ते हैं..., तेरी दुनियां से होके मजबूर चला..., देख सकता हूं मैं कुछ भी होते हुए नहीं मैं नहीं देख सकता सकता तुझे रोते हुए..., यहां वहां सारे जहां में तेरा राज है..., सोमेश मिश्रा ने आ री आजा..., चंदा ओ चंदा...., ओ मांझी रे..., जय कुमार ने सिमटी सी शरमाई सी...., एक ऋतु आए एक ऋतु जाए..., रमण चौधरी ने ह्यहोटों पे जान चली आयेगी..., चिंगारी कोई भड़के..., जाने क्या सोचकर..., कभी होती नहीं है जिसकी हार..., राजेन्द्र शेखर ने बंगला में अमार शिल्पी किशोर कुमार..., हमें तुमसे प्यार कितना..., रिमझिम गिरे सावन.... व अंत में सभी ने मिलकर ह्यचलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना... की सुरीली व भावपूर्ण प्रस्तुति से किशोर कुमार को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों ने झारखंड आंदोलन के जनक, पूर्व मुख्यमंत्री व जननेता शिबू सोरेन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



# सदर अस्पताल में महिला के हिस्टेरेक्टोमी का सफल ऑपरेशन

## ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति बिलकुल सामान्य

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में आज एक 45 वर्षीय महिला, विंध्यवासिनी देवी, का हिस्टेरेक्टोमी (गांठ सहित गर्भाशय निकालना) ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति बिलकुल सामान्य है। दरअसल, महिला के गर्भाशय में एक गांठ बन गई थी। धीरे धीरे यह काफी बड़ी हो गई थी। इसके कारण माहवारी के समय महिला को अत्याधिक रक्तश्राव होता था। अत्याधिक रक्तश्राव होने के कारण महिला को रक्त की कमी भी हो गयी थी। मोतीनगर, कार्मिक नगर में रहने वाली महिला ने सदर अस्पताल का रुख करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ सह सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार से संपर्क किया। डॉ संजीव ने महिला की जाँच कर ऑपरेशन कराने की सलाह दी। उन्होंने महिला से कहा कि सदर अस्पताल में उनका ऑपरेशन हो जायेगा। इसके बाद मरीज के खून की कमी को दूर करने के उपरांत विंध्यवासिनी देवी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान डॉ संजीव कुमार को निश्चेतक डॉ स्वेता गुंजन तथा सहायक मधुसूदन मरांडी व रेखा महतो ने सहयोग किया। डॉ संजीव कुमार ने बताया कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के प्रयास से सदर अस्पताल अब पहले से काफी अपग्रेड हो चुका है। यहां विभिन्न तरह के नए आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन औसतन 650 से अधिक मरीज इस अस्पताल में आते हैं।

# ईट गिट्टी बालू और सीमेंट सप्लाई करने वाले छोटे वाहन हड़ताल पर

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईटा गिट्टी बालू सीमेंट सप्लाई करने वाले छोटे वाहन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।. छोटे वाहन मालिकों का कहना है कि प्रशासन के द्वारा हमारे छोटे गाड़ियों को पकड़ा जा रहा है और गाड़ियों पर एफआईआर दर्ज कर दिया जा रहा है।, जबकि हम लोगों के द्वारा नदी से बालू नहीं उठाया जा रहा है।

हम लोग थोक विक्रेता से खरीद कर सप्लाई करते हैं। ऐसे में हम प्रशासन से मांग करते हैं कि हम छोटा गाड़ी वाहन को ना पकड़ा जाए. बालू गिट्टी के छोटे गाड़ियों को पकड़ने से हजारों मजदूर के पेट पर असर पड़ रहा है. जबकि सरकारी कामों में काम करने वाले मजदूर कंस्ट्रक्शन में काम करने वाले मजदूरों के भी हालत खस्ता होते जा रही है. यह हड़ताल अनिश्चितकालीन है, जब तक हम लोगों का मांग पूरा नहीं किया जाता है।

अगर जरुरत पड़ेगा, तो हम सभी वाहन मलिक को और चालकों के साथ में भूख हड़ताल भी करेंगे और जोरदार आंदोलन होगा। इस हड़ताल से कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले सैकड़ो मजदूरों पर भी असर पड़ रहा है और यह हड़ताल लगातार जारी रहेगा। जब तक कि हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती है।

# भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** भाजपा जिला कार्यालय पचम्बा स्थित हरिचक्र में भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह जिला का हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने किया संचालन महामंत्री महेंद्र वर्मा धन्यवाद ज्ञापन संदीप डांगेच महामंत्री ने किया मुख्य वक्ता के रूप में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज जी उपस्थित थे अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने कहा 7 से 8 अगस्त तक सभी मंडल में बैठक का आयोजन किया जाएगा और जिला मुख्यालय में 10 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा इसके लेकर सभी मंडल में प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी मंडलों में सदस्यता अभियान का समीक्षा किया और आवश्यक दिशा निर्देश मंडल अध्यक्ष को दिया युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सभी सामाजिक प्रतिष्ठान व्यावसायिक प्रतिष्ठान से संपर्क कर भव्य तिरंगा यात्रा गिरिडीह में निकालने और मंडलों में निकालने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया इसमें युवा मोर्चा के भागीदारी बढ़-चढ़कर हो इस विषय पर युवा मोर्चा को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया और भारत विभाजन स्मारिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त एक कार्यशाला आयोजन करने का निर्णय लिया गया मौके पर मुख्य रूप से विनय सिंह प्रदीप साहू कामेश्वर पासवान श्याम प्रसाद नवीन सिन्हा उदय सिंह मनोज यादव देवनाथ राणा रंजीत राय संगीता सेठ मुकेश जलान उषा कुमारी पिंकी कुमारी अमर सिन्हा राजेश जायसवाल मनोज शंघाई रंजन सिन्हा सुनील साव अमित साव राजेश गुप्ता नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा प्रदीप राय अरविंद बर्नवाल गंगाधर वर्मा सौरभ सागर मिश्रा संजय हाजरा राजेंद्र राय दीपक भारती पवन साव सुनीता विश्वकर्मा सुरेश मंडल विवेक गुप्ता मिथुन चंद्रवंशी सदानंद साहू प्रदीप सिंह दिनेश महतो अजीत राणा अजीत राम अशोक केसरी कृष्ण जी अशोक राय खिरोधर दास रंजन सिन्हा आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इस्पात मंत्री को जन भावनाओं से अवगत कराने हेतु कुमार अमित ने सांसद ढुलू महतो का जताया आभार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद ढुलू महतो द्वारा केन्द्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को बोकारो की जनभावनाओं से अवगत कराने के लिए कुमार अमित ने सांसद के प्रति आभार जताया है। मंगलवार को सांसद ढुलू महतो ने इस्पात मंत्री से मिलकर बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण को प्रारंभ करने, बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने एवं विस्थापित अप्रेंटिस संघ के प्रशिक्षित बेरोजगारों को नियोजित करने सहित अनेक विषयों से अवगत कराया। उनसे इन मांगों को पूरा करने हेतु पहल करने को कहा। इसके लिए यहाँ की जनता सांसद के प्रति आभारी है। कुमार अमित ने कहा कि ये मांगें बोकारो की जनता की भावनाएँ है, जिसके पूरा होने से विस्थापित सहित स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा, बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध होगीं और बोकारो के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। भाजपा के स्थानीय सांसद श्री ढुलू महतो बोकारो के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत है। यहाँ की जनता भी सांसद के साथ खड़ी है।

## रविदास समाज ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविदास समाज संघर्ष समिति ने दिशूम गुरू शिबू सोरेन के निधन पर, नगर निगम पार्क (धनबाद) मे शोक सभा कर दो मिनट मौन धारण किया। गुरुजी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शोकसभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मंटूदास एंव संचालन सचिव बबलू दास ने किया। समिति के संस्थापक दिलीप राम ने कहा कि गुरुजी का ऐसे समय मे जाना झारखंड की राजनीति मे बड़ी क्षति है, उन्होने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई का हमेशा नेतृत्व किया है और अभी इस समय कॉरपोरेट द्वारा झारखंड पर हमले तेज हुआ है और इस समय चले जाना झारखंड के बहुत बड़ी क्षति है। वह गरीब, उपेक्षित और मेहनत कश वर्गो का मजबूत आवाज थे, आदिवासी के कल्याण और समाजिक न्याय की लड़ाई मे भी ऐतिहासिक कार्य किये है। उनके संघर्षो को सदैव याद रखा जायेगा।

# स्व. शिबू सोरेन के ससुराल में भी पसरा है सन्नाटा

**सरायकेला /खरसांवा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन उर्फ गुरुजी का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। राजधानी रांची से लेकर गांव-गांव तक लोग भावुक हैं और अपने नेता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

**ससुराल में पसरा सन्नाटा, चूल्हे हुए ठंडे**

गुरुजी के ससुराल सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल स्थित धधकीडीह गांव में भी माहौल गमगीन है। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। हर घर का चूल्हा ठंडा पड़ा है। लोग टीवी के सामने बैठे गुरुजी के अंतिम दर्शन कर रहे हैं। गांव के कई लोग गुरुजी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए नेवाडा गांव पहुंच चुके हैं।

**गुरुजी की बहू रेशमी की भावुक प्रतिक्रिया**

गुरुजी की बहू रेशमी ने कहा, यह सिर्फ हमारे परिवार का गार्जियन नहीं गया, बल्कि पूरे झारखंड का अभिभावक चला गया। ऐसा लग रहा है जैसे किसी ने हमारे सिर से हाथ हटा दिया हो।

**धरोहर बनकर बचा है आंदोलन का पर्चा**

रेशमी बताती हैं कि आज भी उनके ससुराल में वह ऐतिहासिक आंदोलन का पर्चा सुरक्षित है, जब गुरुजी ने झारखंड आंदोलन की शुरूआत की थी और झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया था। आज गांव के लोग उसे देखकर गुरुजी को याद कर रहे हैं। गुरुजी अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनके आंदोलन और उनकी विरासत झारखंड की धरती पर सदा जीवित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com